डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 161 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 28 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया







## देशभर में मनाया जाएगा श्रीराम महोत्सव

### रामनवमी से होगी शुरुआत, विश्व हिन्दू परिषद ने किया ऐलान

**नई दिल्ली, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** इस वर्ष देश भर में हिंदुत्व अभियान को मजबूत करने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद ने बड़ी घोषणा की है। विश्व हिंदू परिषद इस वर्ष रामनवमी व हनुमान जयंती के दौरान राष्ट्रव्यापी समारोह श्रीराम महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम पूरे 15 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 30 मार्च 2025 से होगी जो आगामी 15 दिनों तक जारी रहेगा।



विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए बताया कि संगठन श्रीराम महोत्सव की देशव्यापी तैयारियां कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल श्री राम नवमी व श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके अलावा 15 दिनों तक देश भर के अलग-अलग हिस्सों में शोभायात्राएं, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन को लेकर स्थानीय कार्यकर्ता अपने इलाकों में वहां की लोक परंपराओं के मुताबिक भव्यता व दिव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियों में जुटे है। चैत्र मास के पहले दिन यानी विक्रम संवत 2082 की प्रतिपदा अर्थात 30 मार्च को श्रीराम महोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। दिल्ली में जहांगीरपुरी इलाके में श्रीराम महोत्सव के अंतर्गत श्री हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा 12 अप्रैल को निकाली जाएगी। यह कार्यक्रम बेहद भव्य व दिव्य होगा। इस आयोजन को लेकर विनोद बंसल ने कहा कि भक्तों को श्रीराम, हनुमान जी के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेना चाहिए।

## रंजिश को लेकर पीटा, पिता-पुत्र पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया। कित्तुखेडी निवासी भगतसिंह पिता रामसिंह सौंधिया ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान गावंव का रघुनाथसिंह पिता फतेसिंह राजपूत मिला, पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज की इस दौरान उसका बेटा कानसिंह भी आ गया। दोनों ने मिलकर मारपीट की व लकड़ी से चोंट पहुंचाई। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया।

### आरटीओ वसूली कर रहे या उनके नाम से कोई ओर...

# ऑडियो की गूंज भोपाल तक पहुंची



### फोन पर बोला-मार्च का महिना है, हर गाड़ी की रसीद कट रही है !

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस। जिला परिवहन विभाग में एआरटीओ के पद पर पदस्थ आरटीओ इंस्पेक्टर वीरेंद्रसिंह यादव यह जवावदारी वाला पद संभालने के साथ ही सवालों के घेरे में है। हद तो तब हो जाती है जब ऑडियो जिला परिवहन विभाग के वसूली अभियान की पोल खोलता है। हालांकि ऑडियो की दैनिक गुरु एक्सप्रेस पुष्टी नहीं करता। लेकिन, इसमें आरटीओ की आवाज में वसूली की बात सामने आ रही है। इसमें कहा जा रहा है कि मार्च का महिना है, हर गाड़ी की रसीद कट रही है। मानो रसीद नहीं हो, गणपति महोत्सव का चंदा हो। अब आरटीओ वसूली कर रहे हैं या उनके नाम से वसूली हो रही है, यह तो जांच का विषय है। लेकिन, इस ऑडियो की गूंज भोपाल तक पहुंच गई है। इस ऑडियो को सीएम मोहन यादव को भी टैग किया गया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी पहुंचाया गया है। ऑडियो में एक व्यक्ति तीखे लहजे में आरटीओ से बात कर रहा है। अब वे अखबार के संपादक है या रसूख वाले, यह अलग विषय है। लेकिन, शुरुआती तीखे तेवरों के बाद आरटीओ या आरटीओ की आवाज में बात करने वाले की हवा निकलती नजर आ रही है। वहीं यह भी देखा जाना जरूरी है कि पहले जमालपुरा बार्डर या जिले की किसी अन्य बार्डर पर आरटीओ के नाम से किसने बात की थी। क्या.. उसे आरटीओ की तरफ से यह खुली छूट दी हुई है?**

#### यह है ऑडियो में...

✻ सामने वाला व्यक्ति-हैलो...क्या दिक्कत है।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-दिक्कत तो बहुत सारी है.. मार्च का महिना है हर गाड़ी की रसीद कट रही है।

✻ सामने वाला व्यक्ति-किस चीज की रसीद कट रही है।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-गाड़ी का परमीट है?, ड्राइवर के पास वर्दी नहीं है, लाईसेंस दिखा दो, छोड़ दूंगा।

✻ सामने वाला व्यक्ति-कहां पर हो।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-मंदसौर आरटीओ।

✻ सामने वाला व्यक्ति-नाम क्या है आपका।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-वीरेंद्रसिंह यादव।

✻ सामने वाला व्यक्ति-मुझे जान रहे हो।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-आप कोई कमीश्नर साहब हो।

✻ सामने वाला व्यक्ति-अगर सारा पेपर डन है तो क्या दिक्कत है। हमारे मित्र है। नंबर दिजीए आपका। पेपर ऑन लाइन नहीं दिख रहा है क्या।

**फिर एक और व्यक्ति ने सख्त लहजे में बात की।**

✻ सामने वाला व्यक्ति-मंदसौर आरटीओ बात कर रहे हैं। क्या नाम है आपका।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-वीरेंद्रसिंह (बहुत धीमी आवाज में)

✻ सामने वाला व्यक्ति-मैं चितरंजन राय बात कर रहा हूं। आप बोल रहे हैं, मार्च का महिना है, यह क्या तरीका हुआ। मंदसौर बार्डर पर आप हो ना।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-मैं मंदसौर आरटीओ बोल रहा हूं। मैने तो कोई गाड़ी नहीं पकड़ी।

✻ सामने वाला व्यक्ति-मंदसौर बार्डर पर गाड़ी रोक रखी है।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-मंदसौर में तो चारों तरफ से बार्डर है। जगह बताए।

✻ सामने वाला व्यक्ति-नाम तो आपका बताया।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-नाम तो कोई भी बता सकता है।

✻ सामने वाला व्यक्ति-क्या चाह रहे हो आप।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-आप क्या चाह रहे है।

✻ सामने वाला व्यक्ति-किसी को जबरदस्ती परेशान करना ठीक है।

आरटीओ या आरटीओ की आवाज में कोई ओर-मैने तो किसी की गाड़ी ही नहीं पकड़ी।

# संजीत कचहरी पाईन्ट पर अब रात के अंधेरे में खनन..!

### मछुआरों के पेट पर लात मारते खनन माफिया, एक बार कार्यवाही के बाद खनिज विभाग सुस्त

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में कई जगहों पर अवैध खनन का काम जारी है। विशेषकर संजीत में अवैध रूप से प्रशासन की आंख के नीचे चंबल का सीना छलनी कर रेत खनन का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि विगत दिनों संजीत में खनिज विभाग ने कार्रवाई की थी। जिसमें चार फाईटर भी जब्त किए गए थे। लेकिन, खजिन माफिया अब चार अन्य फाईटर ले आए है। अब दिन के उजाले में नहीं रात के अंधेरे में नदी का सीना चीरने का काम जारी है। यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नियमों के अंतर्गत मछली पकड़ने का काम करने वाले मछुआरों की रोजी रोटी पर आन पड़ी है। खनिज माफिया इनके जाल तोड़ रहे हैं। जिससे मछुआरे खासे परेशान है।

बता दें कि पंजीकृत मछुआ समितियो को चंबल के इस बेक वाटर क्षेत्र से मछली पकड़ने की अनुमति है। लेकिन, इन समितियो से जुड़े मछुआरो को मछली भी नहीं पकड़ने दी जा रही है। नीमच जिले की तरफ से चार फायटर रात के समय संजीत कचहरी पाईंट पर आते है ओर यहां से खनन कर आधा संजीत में खाली करते है और आधी रेत अपने क्षेत्र में ले जाते है। खनन माफिया के लोग पानी में मछली पकड़ने के लिए मछुआरो द्वारा रात में डाले गए जाल भी काट जाते है। जिससे मछुआरे भी काफी परेशान है।

बता दें कि विगत दिनों खनिज अधिकारी और उनकी टीम ने इसी पाईट पर पहुंचकर संजीत क्षेत्र में कार्रवाई की थी। यहां से चार फाईटर और ट्रैक्टर भी जब्त किए गए। माना जा रहा था कि खनिज माफिया कम से कम संजीत में तो अवैध खनन पर लगाम लेंगे। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। रात के अंधेरे में फिर से खनन का काम शुरु हो गया है। चार फाईटरों और अन्य संसाधनों के माध्यम से खनिज माफिया फिर से खनन कर रहे हैं। संजीत के कचहरी पाइंट के अलावा मनासा तहसील के जूनी खानखेड़ी में खनन किया जा रहा है। रात के अंधेरे में संजीत से रेत भरकर ले जाई जा रही है तो कचहरी पाइंट पर खाली भी की जा रही है। यहां सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है मछुआरों को। खनिज माफियाओं द्वारा इनके जाल तोड़ दिए जाते हैं। जिससे मछुआरे खासे परेशान नजर आ रहे हैं। इनकी रोजी रोटी पर संकट आन पड़ा है।



फाईल फोटो

# मुख्यमंत्री डा.यादव रामपुरा आएंगे..!

### कलेक्टर-पुलिस कप्तान पहुंचे रामपुरा, व्यवस्थाओं के निर्देश दिए

#### [ युवाओं के साथ खेला क्रिकेट ]



**मंदसौर/नीमच, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अप्रैल के पहले सप्ताह में संभावित दौरे की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और एसपी अंकित जायसवाल पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने सभा स्थल और मंच निर्माण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान कालेज मैदान पर क्रिकेट खेल रहे युवाओ के साथ उन्होंने भी बल्लेबाजी के जौहर दिखाए।

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका अधिकारियों को मैदान समतल करने के निर्देश दिए। बिजली वितरण कंपनी को मेला ग्राउंड की बिजली लाइन शिफ्ट करने को कहा। कॉलेज के पीछे हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। रामपुरा-खेतपाल्या रोड पर बसों और वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के लिए भी निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान एक रोचक घटना सामने आई। कलेक्टर और एसपी ने रामपुरा कॉलेज के मैदान में क्रिकेट खेल रहे युवाओं के साथ मैच खेला। कलेक्टर चंद्रा ने बल्लेबाजी में चौके-छक्के लगाए। एसपी जायसवाल ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। लेकिन, बाद में शाह नवाज की गेंद पर आउट हो गए। दोनों अधिकारियों ने युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें क्रिकेट बॉल खरीदने के लिए प्रोत्साहन राशि भी दी। इस दौरान एसडीएम पवन बारिया, आरआई विक्रम सिंह, तहसीलदार रामपुरा, थाना प्रभारी आरसी डांगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट के पुर्नगठन की कवायद शुरु



**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस। करीब 15 वर्ष से अधिक समय से भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन नही हुआ है। यह मंदिर के सुचारू विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। हालांकि अब इस संबंध में आदेश जारी हो चुके हैं। कलेक्टर और प्रभारी अधिकारी देव स्थान शाखा ने इस संबंध में आदेश एसडीएम और पदेन सचिव पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति को दिए है।**



इसके पहले मप्र शासन के धार्मिक एवं न्यास धर्मस्व विभाग ने फरवरी में आदेश जारी किया था। जिसमें पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट का पुर्नगठन किए जाने के लिए कहा गया था। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि इसी पत्र का अवलोकन करते हुए कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हितेश शुक्ला ने भी सीएम मोहन यादव से भेंटकर इस संबंध में कार्रवाई के लिए आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट के पुनर्गठन हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव को पत्र भेंट कर आग्रह किया था। इसी तारतम्य में धर्मस्व विभाग मध्य प्रदेश शासन ने कलेक्टर को उक्त प्रक्रिया आरम्भ कर आगामी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

श्री शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने निर्देश के परिपालन में जिला कलेक्टर श्री मति अदिती गर्ग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मंदिर ट्रस्ट के प्रशासक को मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शिघ्र आगामी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए है। शुक्ला ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कलेक्टर एवं मंदिर प्रशासक से प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया हेतु आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने का आग्रह किया है।

# सीसीआई सीमेंट फैक्ट्री की संपत्ति होगी कुर्क

### मजदूरों के बकाया वेतन के लिए 02 अप्रैल को होगी कार्रवाई

**नीमच, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस। जावद की सीसीआई सीमेंट फैक्ट्री की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई आगामी 02 अप्रेल को होगी। तहसीलदार जावद ने फैक्ट्री प्रबंधन को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। 22 मार्च को तहसीलदार जावद मजदूरों के बकाया वेतन की वसूली के लिए नयागांव की फैक्ट्री पहुंचे थे। लेकिन, वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। इसके बाद न्यायालय ने सीसीआई के महाप्रबंधक एके सुधांशु को 02 अप्रैल को सुबह 11 बजे मौके पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।**

#### नहीं तो होगी एक पक्षीय कार्रवाई...

न्यायालय ने चेतावनी दी है कि जिम्मेदार अधिकारी यदि उपस्थित नहीं होते है तो उनकी गैरमौजूदगी में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। श्रम न्यायालय से लेकर हाईकोर्ट से मजदूरों के पक्ष में फैसला आ चुका है। फिर भी फैक्ट्री प्रबंधन बकाया वेतन का भुगतान नहीं कर रहा है। इसके उलट, फैक्ट्री की बेशकीमती संपत्तियों को मात्र 44 करोड़ रूपए में बेचने का टेंडर निकाला गया। विरोध के बावजूद संपत्ति को ऑनलाइन बेच दिया गया।

#### संपत्तियों की नीलामी पर रोक...

तहसीलदार न्यायालय जावद ने 21 मार्च 2025 को फैक्ट्री की संपत्तियों की नीलामी पर रोक लगा दी है। साथ ही आदेश दिया था कि 22 मार्च 2025 को संपत्तियां न्यायालय की सुपुर्दगी में दी जाएं। हालांकि, उस दिन फेक्टरी का कोई जिम्मेदार उपस्थित नहीं हुआ था।

## दुर्घटना में बाइक चालक पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के 25 दिन बाद पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 2 मार्च 2025 को ढाबला चोपाटी पर ढाबला निवासी मनीष पिता राधेश्याम बागरी बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी, जिससे मनीष को उपाचार के लिए उदयपुर भर्ती कराया था। मनीष की रिपोर्ट पर पुलिस ने बुधवार को बाइक चालक ढाबला निवासी मदनसिंह पिता उंकारसिंह सौंधिया के खिलाफ केस दर्ज किया।



# माइक्रो इरिगेशन योजना के गोदाम में भीषण आग

### प्लास्टिक पाइप और ड्रम जलने से बड़ा नुकसान, कई फायर फायटर आग बुझाने में जुटी

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के शक्कर खेड़ी गांव के पास खुली जमीन पर रखे प्लास्टिक के पाइप स्टॉक में गुरुवार शाम को अचानक आग लग गई। यह पाइप चंबल सुवासरा माइक्रो इरिगेशन योजना का था। मौके पर बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और गैल्वनाइज्ड पाइप रखे थे।

आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नारायणगढ़ और सीतामऊसहित आस-पास के नगर परिषदों के फायर फायटर को बुलाया गया। नाहरगढ़ थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोग भी आग बुझाने में सहयोग कर रहे है। स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग की टीमें आग बुझाने में जुटी हैं। स्थानीय लोग भी प्रशासन के साथ आग बुझाने में सहयोग कर रहे हैं। गोदाम शक्करखेड़ी और सुंठी के बीच स्थित है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जहां आग लगी है, वहां बड़ी संख्या में प्लास्टिक पाइप के साथ डीजल के ड्रम भी स्टॉक किए हुए थे। देर रात तक आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। दमकले ओर आमजन आग बुझाने में लगे हुए थे। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहनों के कारण ऑटोमोबाइल उद्योगों के साथ 15 लाख नौकरियां समाप्त हो जाएगी...

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दुनिया भर में पर्यावरण को कार्बन मुक्त बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है। इतना बढ़ गया है की मेट्रोपोलिटन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन नजर आने लगे हैं। भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग पर भी इसका प्रभाव पड़ता नजर आने लगा है। जानकारो के एक अनुमान अनुसार आने वाले निकट समय में 15 लाख के करीब नौकरियां समाप्त हो जाएगी। इसी के साथ इसके सहयोगी उद्योगों और संस्थानों पर भी गुणात्मक नकारात्मक प्रभाव इतना पड़ेगा कि उनके बाजार ही समाप्त हो जाएंगे।

एक बस, ट्रक, कार जैसे दो पहिया वाहनों के उद्योगों में कहीं इंजन, कहीं उसकी बॉडी तो कहीं उसके पार्ट्स जैसे अन्य हिस्सों का निर्माण करने वाले उद्योगों पर इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ने से नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जब ऑटोमोबाइल उद्योगो में वाहन बनना बंद होंगे, तब सहयोगी उद्योग संस्थाएं भी बंद होगी ही। बड़े छोटे गेराज चलाने वाले मैकेनिक जो आज गांव, शहर हाईवे पर कहीं भी नजर आते हैं। उनकी क्षमता अनुसार कर्मचारियों को रोजगार भी मिल रहा है। यह भी बंद होने पर भी 15 से 20 लाख बेरोजगार बनने की संभावना व्यक्त की जा रही है। डीजल पेट्रोल वाहनों के इंजनों के लगभग 800 पार्ट्स बनाने वाली बड़ी छोटी कंपनियों के कर्मचारी भी बेरोजगार हो जाएंगे। इनके अलावा ऑटोमोबाइल व्यवसाय से जुड़ी छोटी 2820 कंपनियों के भी बंद होने के आसार पनप गए हैं।



चन्द्रमोहन भगत

इलेक्ट्रिक वाहन आने के बाद मैकेनिक या पार्ट्स रिपेयर जैसा काम भी 15 से 20 प्रतिशत ही रह जाएगा। क्योंकि, इलेक्ट्रिक वाहन का संचालन सिर्फ बैटरी पर निर्भर करेगा। एक जानकारी अनुसार अभी तक एक लाख कार तथा 10 लाख दो पहिया वाहनों का विक्रय हो चुका है। यह भी कि इन वाहनों के आने के बाद स्वाभाविक है कि पेट्रोल डीजल पंप का व्यवसाय भी प्रभावित होगा। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ती जाएगी यह व्यवसाय भी बंद होने लगेगा और बेरोजगारी बढ़ाएगा। पेट्रोल, डीजल की रिफाइनरी भी प्रभावित होगी। पंप और रिफाइनरी बंद होने से सरकार को लगभग 5 करोड़ रुपए एक्साइज ड्यूटी और वेट टैक्स का नुकसान भी होने लगेगा। तकनीकी दुनिया में रोज नए उपकरण इजाद हो रहे हैं। अभी बैटरियां एक बार चार्ज होने पर 200 से 400 किलोमीटर तक चलने वाली बन रही है। भविष्य में हजार किलोमीटर तक चलने वाली बैटरी बन जाने के अलावा अपने आप रिचार्ज होने वाली भी आ जाएगी।

कुल मिलाकर भारत जैसे देश में जहां डेढ़-दो दशक से बेरोजगारी में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। वहां तो इलेक्ट्रिक वाहन का चलन बेरोजगारी की सुनामी को निमंत्रण देने जैसा नजर आ रहा है। इसके अलावा अमेरिका में ट्रंप सरकार बनने के बाद से विश्व बाजार के आयात निर्यात में नई कर प्रणाली ने भी बेरोजगारी बढ़ाने के साथ राष्ट्रों के बीच आपसी वैमनस्य भी गहरा कर दिया है। यह वातावरण भारत के औद्योगिक, व्यावसायिक और रोजगार को किस दुर्गति तक पहुंचा देगा, अभी कहना मुश्किल होगा!

## विचार-मंथन

# महंगाई की तुलना में होनी चाहिए आय में बढ़ोतरी



जनप्रतिनिधियों के वेतन, भत्तों और पेंशन में बढ़ोतरी को लेकर हर बार सवाल उठते हैं, इस बार भी उठ रहे हैं। सांसदों के वेतन में चौबीस फीसद की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह हर भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी हुई है। कहा जा रहा है कि महंगाई दर के मद्देनजर इस बढ़ोतरी का फैसला किया गया। वेतन, भत्तों और पेंशन में वृद्धि का सूत्र ही महंगाई के मद्देनजर तय किया गया था, इस लिहाज से यह बढ़ोतरी गलत नहीं कही जा सकती। मगर सवाल है कि क्या आम लोगों की आमदनी में भी इसी अनुपात में वृद्धि हो सकी है। महंगाई पर काबू पाने की तमाम कोशिशों के बावजूद लंबे समय से इसका स्तर भारतीय रिजर्व बैंक के तय चार फीसद के मानक से ऊपर बना हुआ है। खाद्य वस्तुओं, फल-सब्जियों, रोजमर्रा उपयोग की वस्तुओं की कीमतें आम लोगों की क्षमता से बाहर हैं। उपभोक्ता सूचकांक के आधार पर स्पष्ट है कि पिछले दस वर्षों में लोगों की आमदनी नहीं बढ़ी है। इस तरह जनप्रतिनिधियों और आम लोगों की आय में असमानता काफी बढ़ गई है। क्योंकि सांसदों, विधायकों को उस तरह केवल अपने वेतन पर गुजारा नहीं करना पड़ता, जिस तरह आम कर्मचारियों, वेतनभोगी लोगों को करना पड़ता है। इसलिए इस बढ़ोतरी को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। यह सवाल लंबे समय से पूछा जाता रहा है कि जनप्रतिनिधियों को खुद अपने वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी करने का अधिकार क्यों होना चाहिए। इसके लिए भी एक स्वतंत्र समिति क्यों नहीं गठित की जाती। फिर, उन्हें मिलने वाली पेंशन पर पर भी सवाल उठते रहे हैं कि जब एक सामान्य कर्मचारी को लंबी सेवा के बाद अब पेंशन की कोई योजना नहीं रह गई है या बहुत मामूली है, तो फिर एक बार चुनाव जीत जाने भर से किसी जनप्रतिनिधि को जीवन भर पेंशन पाने का हक क्यों होना चाहिए। उस पेंशन की राशि भी एक आम वेतनभोगी से काफी अधिक होती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जनप्रतिनिधियों के खर्चे कई तरह के होते हैं और अगर महंगाई के अनुरूप उनके वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी न की जाए, तो उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मगर उन्हें मिलने वाले भत्ते इतने हैं कि शायद ही किसी को मुश्किल आती हो। मुफ्त का आवास, वाहन, यात्रा भत्ता, क्षेत्र दौरे के लिए भत्ता, कार्यालय खर्च का भत्ता, संसदीय सत्र के दौरान का भत्ता आदि मिलता है। एक सवाल यह भी उठता रहा है कि जब राजनेता समाजसेवा का संकल्प लेकर चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो उन्हें वेतन-भत्तों आदि का लोभ होना ही क्यों चाहिए। हर वर्ष सांसदों को मिलने वाले वेतन और भत्तों पर भारी रकम खर्च होती है, जिससे सार्वजनिक खजाने पर बोझ बढ़ता है। यह सारा खर्च आम लोगों की कमाई से ही जाता है। तो, यह पूछा जाना स्वाभाविक है कि आमजन की चिंता का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि अपने ऊपर होने वाले सरकारी खर्च में कटौती पर विचार क्यों नहीं कर पाते। हमारे देश में जनप्रतिनिधियों पर कई देशों की तुलना में बहुत अधिक खर्च होता है, इसलिए भी यह बढ़ोतरी लोगों को खटकती है। महंगाई की तुलना में आय में बढ़ोतरी होनी ही चाहिए, लेकिन यह सिद्धांत जब केवल कुछ लोगों तक सीमित कर दिया जाता है, तो अंगुलियां उठती हैं। इस पर विचार आखिर कौन करेगा।

# इतिहास से सबक सीखने को तैयार नहीं इजराइल

**संदीप पाण्डेय**



इजराइल-हमास में साल 2023 में वॉर शुरू होने से पहले, इजरायल की जेलों में 5200 फिलिस्तीनी कैद में थे. ये आंकड़ा नवंबर 2023 तक यह संख्या बढ़कर 10,000 हो गई थी. गौर करें तो इजराइल के पास प्रशासनिक हिरासत नामक एक कैटेगरी है. इसके तहत इजरायल को बिना किसी आरोप या मुकदमे के फिलिस्तीनियों को पकड़ कर अनिश्चित काल तक रखने की शक्ति देता है. इस तरह से 1967 से अब तक 10 लाख फिलिस्तीनी इजरायल की जेलों में बंद हैं. जेलों में बंद ये 10 लाख फिलीस्तीनी, उसकी कुल आबादी का 18 प्रतिशत है. वहीं 40 प्रतिशत फिलिस्तीनी पुरुष किसी न किसी समय इजरायल की जेलों मे बंद रही है. इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद हमास ने 'सबके लिए सबका' सौदा पेश किया था. हमास की इस पेशकश का मतलब था कि हमास द्वारा बंदी बनाए गए सभी बंधकों को रिहा करना. साथ ही इसके बदले में इजरायली जेलों में बंद सभी कैदियों को रिहा करने की बात शामिल थी. इसी को लेकर नवंबर 2023 में, इजरायल ने 240 कैदियों को मुक्त कर दिया था. इसके बदले में हमास ने 81 इजरायली, 23 थाई और 1 फिलिपिनो बंधक को छोड़ा था. ये सभी मजदूर के रूप में काम करने के लिए इजरायल आए थे. हालांकि, इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौता ज्यादा समय तक नहीं चला और युद्ध दोबारा शुरू हो गया. युद्ध विराम खत्म खत्म होने के बाद इजरायल सैन्य कार्रवाई के माध्यम से बंधकों को रिहा कराने पर आमादा हो गया था. उधर इजराइल ने फिलिस्तीनियों को हिरासत में रखने की अपनी नीति को जारी रखा. इस दौरान जैसे ही किसी फिलीस्तीनी की रिहाई होती इजराइल एक और फिलिस्तीनी को गिरफ्तार कर लेता. इस तरह से इजरायल द्वारा रिहा किए गए फिलिस्तीनियों की तुलना में कहीं और अधिक फिलिस्तीनी गिरफ्तार किए गए. इस तरह इजराइली कैद में बंद फिलिस्तीनियों की संख्या दोगुनी हो गई. 24 जनवरी, 2024 को इजराइल ने एक किशोर को फिर से गिरफ्तार कर लिया. इस किशोर उम्र के लड़के को अदला-बदली के लिए समझौते की शर्तों का उल्लंघन करके रिहा किया गया था. इस दौरान सैकड़ों इजराइली बंधकों को लेकर बहुत शोर मचा था. इस कड़ी में हजारों फिलिस्तीनी बंदियों को इजरायल ने बंधक नहीं माना. इस युद्ध की वजह से बीते साल 2024 में गाजा के साथ-साथ पश्चिमी तट पर भी विनाश हुआ और बहुत से जानें चली गई. इस तरह से देखा जाए तो फिलिस्तीनियों की पीड़ा हमेशा से इजरायलियों की तुलना में असंगत रही. अंत में कतर, मिस्र और अमेरिका के हस्तक्षेप से इजराइल-हमास युद्ध विराम हुआ. इस युद्ध विराम को तीन चरणों में लागू किए जाने पर सहमति बनी. 19 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाले पहले फेज में हमास ने कैदियों को इजरायली कैद से मुक्त करने के बदले में 8 चरणों में बंधकों को रिहा करने पर सहमति बनी थी. इस सहमति के आधार पर उत्तरी गाजा में फिलिस्तीनियों की वापसी और मानवीय सहायता में और और गति लाना था. वहीं दूसरे चरण में अधिक कैदियों के बदले में अधिक बंधकों को रिहा किया जाना था. साथ ही इजरायली सेना को गाजा के कब्जे वाले क्षेत्रों से पूरी तरह से हट जाना था. तीसरे चरण में गाजा का पुनर्निर्माण किया जाना था. इस तरह से पहले चरण में ही युद्ध शुरू होने से घायल फिलिस्तीनियों को पहली बार मिस्र जाने की अनुमति दी गई थी. इस समझौते के बाद पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हुआ. 19 जनवरी, 2025 को 90 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 3 इजरायली महिला बंधकों को रिहा किया गया. साथ ही भोजन और ईंधन से भरे सहायता ट्रकों को राफा क्रॉसिंग के जरिए गाजा में प्रवेश करने की अनुमति दी गई. इसी तरह से 25 जनवरी को 200 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 4 इजरायली महिला सैनिक बंधकों को छोड़ा गया. इसी कड़ी में 30 जनवरी को 110 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 3 इजरायली बंधकों को रिहा किया गया. समझौते के तहत एक फरवरी को 183 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 3 इजरायली बंधकों को छोड़ा गया. 8 फरवरी को फिर से 183 कैदियों के बदले में 3 इजरायली बंधकों को विभिन्न इजरायली जेलों से रिहा किया गया. इस कड़ी में 15 फरवरी को, 369 फिलिस्तीनियों को इजरायल की जेलों से रिहा करने के बदले में 3 इजरायली नागरिकों को रिहा किया गया. 20 फरवरी को, 3 इजरायली बंधकों के शवों को हमास ने इजरायल को सौंपा. इस दौरान चौथा शव शिरी बिबास का नहीं पाया गया. इसको लेकर पहले दावा किया गया था कि उसे वापस कर दिया. 22 फरवरी को, 6 इजरायली बंधकों को छोड़ा गया. लेकिन इजरायल अपने वायदे से मुकर गया और किसी भी फिलिस्तीनी कैदी को रिहा नहीं किया. ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि शिरी बिबास का शव अभी तक नहीं सौंपा गया था. हो-हल्ला के बीच उसी दिन शिरी बिबास की डेडबॉडी मिल गई और उसे इजरायल को सौंप दिया गया। 27 फरवरी को 4 बंधकों के शवों को गाजा या इजरायली जेलों से भेजा गया. इन शवों को रिहा किए गए 620 कैदियों के बदले में रिहा किया गया. उधर इजरायल ने इजरायली बंधकों की रिहाइयों को लेकर बहुत ज्यादा प्रचार-प्रसार करने पर आपत्ति जताई. हालांकि इस दौरान इजरायली सेना उन फिलिस्तीनियों के घरों पर छापे मार रही थी, जिन्हें रिहा किया जाना था. इसी तरह से इजराइल द्वारा रिहा किए गए फिलिस्तीनियों में से कुछ दो दशकों से इजरायली जेल में जिंदगी काट रहे थे. जैसे कि 42 वर्षीय बिलाल यासीन को 20 साल बाद इजरायली जेल से रिहा किया गया. 42 दिनों के पहले चरण के युद्ध विराम में 1,755 कैदियों और बंदियों के बदले में 8 शवों समेत 33 बंधकों को छोड़ा गया. साल 2023 और 2025 के युद्ध विराम में कुल 141 बंधकों को रिहा किया गया, जिनमें से 114 इजरायली थे. इस इजरायली कैदियों की रिहाई के बदले में, 1,995 फिलिस्तीनियों को छोड़ा गया. अब भी 59 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाना बाकी है. जिनमें से कुछ के मृत होने का अंदेशा है. इस दौरान जिन इजरायली बंधकों की जानें चली गई, उनमें से कुछ की हत्या उनके अपहर्ताओं ने ही की थी. जबकि अन्य इजरायली बंधक गाजा पर हुए इजरायली हमलों में मारे गए।



# विधि महाविद्यालय के शिविर में ध्यान योग मुद्रा तथा तनाव प्रबंधक पर हुए व्याख्यान

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्राम भूनिया खेडी में आयोजित हो रहा है। शिविर के तृतीय दिवस प्रथम बौद्धिक सत्र में हार्ट फूलनेस संस्था के डॉक्टर नीलेश जी नगाइच एवं बहन रश्मि शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को ध्यान योग मुद्रा तथा तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई।

द्वितीय सत्र में श्री राजेश सुराना ने विद्यार्थियों को अपना उद्बोधन देते हुए साइबर क्राइम एवं सूचना प्रौद्योगिकी के प्रावधानों से शिविरार्थियों को अवगत कराया एवं साइबर फ्रॉड से बचने के विषय पर जानकारी दी साथ ही श्री सुनील कडारा प्रबंधक विज़न अकादमी द्वारा विद्यार्थियों को आईएएस एवं आईपीएस की तैयारी से संबंधित मार्गदर्शन दिया बौद्धिक सत्र को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाटीदार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कौशिक ने परियोजना में किए जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि आज श्रमदान कार्य के अंतर्गत शिविरार्थियों ने विद्यालय परिसर शिविर स्थल की साफ सफाई की एवं प्रात: काल प्रभात फेरी निकाली गई। बौद्धिक सत्र के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सरस्वती वंदना शिविरार्थी सौम्या जैन द्वारा प्रस्तुत की गई एवं कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी अंजलि व्यास ने किया।

# योगी राज में सर्वांगीण विकास के पथ पर तेज़ी से अग्रसित होता उत्तर प्रदेश

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए किसानों के लिए विभिन्न योजना बनाकर के उनको धरातल पर अमलीजामा पहनाने का कार्य बखूबी किया है, किसानों की आय को बढ़ाने के लिए योगी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 मार्च 2025 को अपने दूसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार आठ वर्ष तक कार्य करने का एक नया कीर्तिमान बना दिया है। सख्त, ईमानदार व एक विजनरी प्रशासक वाली कार्यशैली के दम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश व देश के साथ-साथ पार्टी में भी एक भरोसेमंद ब्रांड बनकर के स्थापित हो गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता का आलम यह हो गया है कि एक तरफ तो देश के हर राज्य के चुनावों में प्रचार के लिए योगी आदित्यनाथ की मांग निरंतर होती है, वहीं दूसरी तरफ अब योगी की कार्यशैली के देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी आये दिन चर्चाएं होती रहती हैं। वैसे भी जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले आठ वर्षों के अपने शासन के दौरान उत्तर प्रदेश के शासन व पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली में जबरदस्त ढंग से सुधार करते हुए, दशकों से सरकारी तंत्र की तरह-तरह के हस्तक्षेप, माफियागिरी, भ्रष्टाचार व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते कुंद हो चुकी धार को तेज करते हुए, उसे आम जनमानस व देश के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करने का कार्य बखूबी किया है, जोकि बेहद ही काबिले-तारीफ है और जिसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से शासन व पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली में आये सकारात्मक बदलाव के रूप में राज्य के आम जनमानस को नज़र आने लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दमदार ढंग से सत्ता में आठ वर्ष का अपना लंबा कार्यकाल 25 मार्च 2025 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जोकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ के नाम पर एक बहुत बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि इतिहास में दर्ज हो गयी है। देश के हर कोने में योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली के बड़ी संख्या में आम व खास लोग प्रसंशक होते जा रहे हैं। शानदार कार्यशैली के दम पर अपने प्रथम कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश व दुनिया में 'बुलडोजर बाबा' के नाम से मशहूर हो गए थे। उनके बुलडोजर ने उत्तर प्रदेश के बड़े से बड़े माफियाओं की सल्तनत को ध्वस्त करने का कार्य बेखौफ होकर के किया है, आज देश के अधिकांश राज्य अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की नक़ल करने में लगे हुए हैं, जो उनकी एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। नियम-कायदे व कानून पसंद देशभक्त देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए योगी आदित्यनाथ के प्रथम कार्यकाल की तरह ही दूसरे कार्यकाल से भी लोगों को बहुत ही ज्यादा उम्मीदें थीं। जिस पर जनता की अदालत में योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल में भी पूरी तरह से खरे उतरते नज़र आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों ने अब उत्तर प्रदेश को एक बीमारू राज्य की श्रेणी से निकल कर के देश में दूसरे पायदान पर लाकर के खड़ा कर दिया है, जो योगी आदित्यनाथ सरकार की बड़ी उपलब्धि है।



# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल खंड नारायणगढ़ की बैठक सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर नारायणगढ की बैठक मंडी बालाजी मंदिर पर सम्पन्न हुई। जिला सह मंत्री निलेश जैन ने बजरंग दल शौर्य कुंभ, ज्वाइन बजरंग दल, त्रिशूल दीक्षा एवं संगठन के अनेक विषयों पर जानकारी दी। इस अवसर पर जैन ने दायित्व की घोषणा की। जिसमें नगर अध्यक्ष राज पाटीदार बब्बर, मंत्री विक्रम राठौर, संयोजक दशरथ परिहार, उपाध्यक्ष महेश यादव, सहमंत्री विक्रम धनगर, सह संयोजक विशाल पाटीदार व सूरज जाट, सुरक्षा प्रमुख लखन रोयल, धर्म प्रसार संयोजक अमन धूलिया, सह सुरक्षा प्रमुख सचिन यादव, गोरक्षा प्रमुख पद पर जितेंद्र दिवानिया को जिम्मेदारी दी। प्रखंड से बद्रीलाल चौहान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नानीबाई का मायरा कथा शुरु, निकाली भव्य कलशयात्रा

**पिपलियामंडी, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर में तीन दिवसीय नानीबाई का मायरा कथा शुभारंभ पर गुरुवार को नगर में भव्य कलशयात्रा निकाली। प्रात: 9 बजे रेलवे फाटक स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर पर बडी संख्या में महिलाओं ने कलश शिरोधार्य किया। कलश में त्रिवेणी संगम गंगा, यमुना और सरस्वती का जल भरा गया। बैंड-बाजे के साथ शुरु हुई कलश यात्रा नगर में मुख्य मार्ग होती हुई टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर स्थित शाबाउमावि परिसर पहुंची, यहां बडी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित हुए। मंडफिया मित्र मंडल, पैदल यात्रा संघ द्वारा आयोजित कथा 29 मार्च तक चलेगी। जिसमें कथा प्रवक्ता मनोज कश्यप (शेरपुर) प्रात: 11.30 से शाम 4 बजे तक कथा की प्रस्तुति देंगे। नगर के समस्त पत्रकारों ने शामिल होकर प्रथम दिवस आरती में भाग लिया।

# गुड़ी पड़वा वैश्य दिवस पर होंगे अनेक सेवा प्रकल्प

### गांधी चौराहे से वाहन रैली, गोशाला में गौसेवा एवं जल मंदिर का होगा शुभारंभ

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** चैत्र नवरात्रि गुड़ी पड़वा (नववर्ष )को वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा प्रांतीय संरक्षक श्री उमाशंकर गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री सुधीर अग्रवाल के आव्हान पर वैश्य दिवस के रूप में संपूर्ण मध्य प्रदेश में मनाया जाएगा। इसी तारतम्य में मंदसौर जिला मुख्यालय पर 30 मार्च रविवार को प्रात: 9:30 बजे गांधी चौराहा पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित वैश्य बन्धु एवं मातृशक्ति के कुमकुम तिलक लगाकर नीम ओर मिश्री का प्रसाद वितरित किया जाएगा। ततपश्चात नगर में वाहन रैली निकल जाएगी जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कालिदास मार्ग स्थित गोपाल कृष्ण गौशाला पहुंचेगी जहां पर प्रात: 10:00 बजे गौ सेवा की जाएगी। समारोह में अतिथि के रूप में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री श्री जगदीश अग्रवाल गरोठ एवं सभी वैश्य घटक के अध्यक्षगण उपस्थित रहेंगे।

इस आशय की जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन मंदसौर जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल, जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्र चौधरी, जिला महामंत्री भगवानदास विजयवर्गीय, वाहन रैली प्रभारी राजमल गर्ग अंकित, मंदसौर तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण छापरवाल, युवा इकाई संभाग प्रभारी कपिल भंडारी, संभागीय अध्यक्ष डॉ आशीष अग्रवाल, जिला प्रभारी जगदीश काला, जिला अध्यक्ष राकेश दुग्गड, जिला महामंत्री दिलीप सेठिया, महिला इकाई संभाग प्रभारी श्रीमती चंदा कोठारी , जिला प्रभारी श्रीमती भारती अग्रवाल ,जिला अध्यक्ष श्रीमती श्वेता अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नववर्ष वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पडवा का पर्व वैश्य दिवस के रूप में 30 मार्च रविवार को मनाया जाएगा। रविवार को प्रात: 9:30 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मंदसौर नगर में वेश्य वाहन रैली निकलेगी जो कि नगर के प्रमुख मार्ग गांधी चौराहा से बस स्टैंड, कालिदास मार्ग, घंटाघर कालाखेत होते हुए नीलम होटल के सामने श्री गोपाल कृष्ण गौशाला पहुंचेगी जहां पर प्रात 10:00 बजे गौ माता को हरे चारे एवं गुड का आहार करवाया जाएगा। तत्पश्चात प्रात: 10:30 बजे महू नीमच रोड पुलिस पेट्रोल पंप के सामने चौधरी ट्रैक्टर शोरूम पर चौधरी परिवार द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में जल मंदिर का शुभारंभ किया जाएगा।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सेमिनार सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर छात्रों के बीच सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर ने विचार रखे। मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, संदीपसिंह राठौड़, राधेश्याम चौहान, देवीलाल गुर्जर, अंकित चिन्टू शर्मा, श्रीपालसिंह शक्तावत, घनश्याम शर्मा, अशोक गुर्जर, चन्द्रप्रकाश देवड़ा, महावीर कोठारी, भरत पाटीदार, अरिहंत जैन, रमेश पाटीदार, नरेन्द्र पाटीदार, विजय पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

# बकाया बिजली बिल की राशि नहीं भरी तो मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड ने काटा कनेक्शन

**[ उपभोक्ता ने की अभद्रता, सहायक यंत्री ने दिया थाने में आवेदन ]**



**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मार्च माह के अंतिम दिन चल रहे है ऐसे में मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा बकाया बिल की राशि के लिए वसूली अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे समय में जब कम्पनी के अधिकारी, कर्मचारी उपभोक्ता के पास जाते है और बिजली के बिल जमा कराने का आग्रह करते है और उपभोक्ता बिल जमा नहीं करता हे तो बिजली के कम्पनी कर्मचारी तब कनेक्शन काट देते है तो बिजली कम्पनी के अधिकारी, कर्मचारीयों अप्रिय स्थिति का सामना भी करना पडता है।

मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के सहायक यंत्री पियूष पंवार ने बताया कि गुरूवार को 27.03.2025 को प्रात: 1130 से 1200 बजे के मध्य नरसिंहपुरा स्थित रविदास मोहल्ले में विद्युत कनेक्शन एवं शासकीय राजस्व वसूली का कार्य पुलिस बल की उपस्थिति में किया जा रहा था उक्त कार्य करने के दौरान रविदास मोहल्ले के निवासी घिसीबाई पति मांगीलाल सर्विस क्र एन3351030199 के पुत्र कैलाश पिता मांगीलाल के द्वारा काया राशि रूपए 51035/- एवं भंवरलाल पिता मुन्नीलाल सर्विस के एन 3351009993 के पुत्र लख पिता के द्वारा बकाया राशि रूपए 11076/- पर विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। पश्चात श्री कैलाश पिता मांगीलाल एवं लखन पिता भंवरलाल द्वारा शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न किया गया और बोला कि मेरा कनेक्शन जोडो वरना में किसी को यहां से जाने नहीं दूंगा और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। श्री पंवार ने कोतवाली थाने में कैलाश पिता मांगीलाल एवं लखन पिता भंवरलाल के विरुद्ध शासकीय कार्य अवरोध जान से मारने की धमकी, गाली गलोच करने की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है। पियूष पंवार ने नगर की आम जनता से आग्रह किया है कि बिजली के बिलों का भुगतान करें, मार्च माह चल रहा है लगातार वसूली अभियान चल रहा है किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए बिजली के बिलों का समय पर भुगतान करें।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण निरंतर जारी

### 99 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने की सहभागिता, खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाना सीखा

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पीसी चौहान के मार्गदर्शन में सक्षम आंगनबाडी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत मंदसौर के सभा कक्ष में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम 27 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में 99 आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को पोषण पढाई भी की।

उपयोगिता तथा 0 से 3 वर्ष के बच्चों हेतु नवचेतना एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के विकास हेतु आधारशिला पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई। खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाना, उनके भाषा विकास, शारीरिक, भावनात्मक संज्ञानात्मक विकास को कैसे विकसित किया जाए इस पर विस्तृत चर्चा की गई एवं उसको साथ ही आंगनबाडी प्रणाली एवं उसके बेहतर क्रियान्वयन शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण एवं उसके उपयोग तथा स्थानीय स्तर पर निर्मित खिलौने के माध्यम से बच्चों का विकास कैसे जाए इस पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त संचालक उज्जैन संभाग उज्जैन श्री एलएन कंडवाल ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पीसी चौहान ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किए। इस दौरान परियोजना अधिकारी बी आर मुजाल्दे रॉकेट लर्निग संस्था के जिला समन्वयक सुश्री नंदिनी जैन मास्टर ट्रेनर श्रीमती नीलोफर मंसूरी, शकुन्तला डामोर, श्रीमती गायत्री खींची एवं अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## लोकहित और नपा हित का अद्‌भूत समावेश है इस बजट में-जैन

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल जी गुर्जर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद जी बंधवार द्वारा प्रस्तुत बजट में नगर पालिका के हित और आम जनता के हित का समावेश दिखाई देता है। प्रदेश सरकार के लगातार 3 वर्षों से कई बार कड़क दिशा निर्देशों के बावजूद नगर पालिका ने अपनी आय में वृद्धि मात्र 50 पैसे प्रति जल कर उपभोक्ता में वृद्धि की है। जो अपने आप में काफी कम है।



सभापति निलेश जैन ने कहा कि विगत वर्ष में मंदसौर शहर में अनेक स्थानों पर सोडियम लैंप को हटाकर एलइडी लाइट लगाई गई है जिससे नगर पालिका के विद्युत खर्चे में एक करोड़ की राशि की बचत हुई है। इसी प्रकार नगर पालिका अध्यक्ष जी के निर्देशों पर विद्युत बिलों की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त सर्वेयर की रिपोर्ट अनुसार लगभग एक करोड़ की राशि विद्युत खर्चे में कम होगी अर्थात लगभग 2 करोड़ की राशि प्रतिवर्ष विद्युत खर्च में नगर पालिका को बचत स्वरूप प्राप्त होगी। इसी प्रकार नवीन फिल्टर प्लांट, नवीन पानी की टंकी और नवीन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के लिए 20 करोड़ से अधिक का प्रावधान नगर पालिका में पेयजल सप्लाई को और अधिक सरल और सुगम बनाने में योगदान देगा। सांसद निधि, राज्यसभा सांसद निधि, विधायक निधि के बजट में तीन गुनी वृद्धि नगर में विकास कार्यों को गति प्रदान करेगी। चालू वित्तीय वर्ष में राज्यसभा सांसद बंसीलाल जी गुर्जर की निधि से नगर पालिका को विकास के लिये एक करोड़ 35 लाख रुपए ,सांसद सुधीर जी गुप्ता की निधि से 10 लाख रुपए और विधायक विपिन जैन की निधि से 18 लाख रुपए नगर पालिका को प्राप्त हुए हैं। इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। नगर के विभिन्न उद्यानों में खेलकूद के उपकरण, महिला जिम ,स्वागत द्वार ,महापुरुषों की प्रतिमाएं ,मजबूत सड़कों के निर्माण में करोड़ों रुपए की राशि का प्रावधान अपने आप में ऐतिहासिक है। इस ऐतिहासिक बजट के लिए राजस्व सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद जी बंधवार तो हार्दिक बधाई। उम्मीद है प्रस्तुत बजट नगर में विकास की गति को नई उंचाइयां प्रदान करेगा।



# नपा परिषद के वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित आय-व्यय का बजट स्वीकृत

### मंदसौर नगर विकास के लिये नये प्रस्ताव हुए शामिल

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर की बजट बैठक 27 मार्च गुरूवार को नपा सभागृह में आयोजित की गई। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित इस बजट बैठक मंम सीएमओ श्री सुधीरकुमारसिंह, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला, राजस्व वित्त एवं लेखा समिति की सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार सहित नपा के सभापतिगण, पार्षदगण उपस्थित थे। राजस्व वित्त एवं लेखा समिति की सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार ने इस बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमानित आय-व्यय का बजट परिषद के सम्मुख रखा। बजट के प्रमुख बिन्दुओं को परिषद के सदस्यों के सम्मुख रखते हुए श्रीमती बंधवार ने परिषद को अवगत कराया कि इस बजट में नपा परिषद के लिये 5 अरब 42 करोड़ 11 लाख 650 रू. की आय व 5 अरब 40 करोड़ 63 लाख 61 हजार 650 रू. की अनुमानित व्यय प्रस्तावित है। बजट में 1 करोड़ 48 लाख रू. की बचत अनुमानित है। इस वर्ष बजट में आय व व्यय में तालमेल रखते हुए नगर के सर्वांगीण विकास के लिये जलकर, संपत्ति कर एवं अन्य करों में कुछ वृद्धि का प्रावधान किया गया है ताकि विकास कार्यों के लिये मंदसौर नगरपालिका को पर्याप्त राशि प्राप्त हो और धनराशि के अभाव में विकास कार्य प्रभावित न हो।

नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की परिषद का बजट प्रस्तुत करते हुए राजस्व समिति सभापति श्रीमती बंधवार ने मंदसौर नगर के चहूंमुखी विकास को दृष्टिगत रखते हुए 2025-26 के वार्षिक बजट को प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार नगर में गीता भवन बनाये जाने हेतु 15 करोड़ रू., सिंहस्थ योजनान्तर्गत नगर में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 35 करोड़ रू., सिवरेज योजना प्रथम चरण हेतु 164 करोड़ रू., नपा कार्यालय में रिकार्ड रूम व नवीन हाल निर्माण व नपा कार्यालय उन्नयन हेतु 5 करोड़ रू., गौरव दिवस मनाने हेतु 25 लाख रू., मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना चतुर्थ चरण अंतर्गत नगर में विभिन्न विकास कार्य हेतु 6 करोड़ रू., कायाकल्प अभियान सहित नई सड़कों के निर्माण के लिये 10 करोड़ रू., नाला, नाली, स्लेब निर्माण हेतु 2 करोड़ रू., संजय गांधी उद्यान के उन्नयन व अन्य कार्यों के लिये 7 करोड़ रू., मछली मार्केट व स्लाटर हाउस के रखरखाव रिपेरिंग कार्य हेतु 10 लाख रू., नईआबादी सब्जी मार्केट में नये काम्पलेक्स के निर्माण हेतु 25 करोड़ रू. आंगनवाड़ी भवनो, ऑडिटोरियम एवं कम्यूनिटी हाल के निर्माण के लिये 50 लाख रू. नई पुलियाओं के निर्माण हेतु 50 लाख रू., सीमेंट डामर क्रय करने हेतु 45 लाख रू., अवैध कॉलोनियों में विकास कार्य हेतु 50 लाख रू., नगर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं के लिये जिम एवं अन्य निर्माण हेतु 30 लाख रू., संत कंवरराम द्वार हेतु 60 लाख रू. तालाबों के गहरीकरण हेतु 10 लाख रू., चौराहों के विकास, सौंदर्यीकरण एवं मूर्ति स्थापना हेतु 2 करोड़ 50 लाख रू., नगरपालिका कॉलोनी में शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण हेतु 75 करोड़, रू., गांधी धर्मशाला के स्थान पर नये काम्पलेक्स के निर्माण के साथ ही नये हाल के निर्माण के लिये 50 लाख रू., पशुपतिनाथ मेला हेतु 1 करोड़ रू., खिड़कीमाता मेला हेतु 10 लाख रू., नाहर सैय्यद मेला हेतु 30 लाख रू., नवीन फायर स्टेशन निर्माण हेतु 56 लाख 72 हजार रू., सीवरेज योजना प्रथम चरण हेतु 1 करोड़ 64 लाख रू., प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु 2 करोड़ रू., सम्बल योजना सहित श्रम विभाग की समस्त योजनाओं हेतु 3 करोड़ रू. की राशि बजट में रखी गई है। बैठक में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, सभापतिगण सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, दीपमाला मकवाना, शांति दिनेश फरक्या, निलेष जैन, निर्मला नरेश चंदवानी, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि कपिल भण्डारी, पार्षदगण आशीष गौड़, प्रीतम पंचोली, ईश्वरसिंह चौहान एड., सुनीता अशोक भावसार, प्रमिला संजय गोयल, दिव्या अनूप माहेश्वरी, सुनीता नंदलाल गुजरिया, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, खेरून्नबी शेहजादपटेल, श्रीमती संगीता शैलेन्द्र गोस्वामी, श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी, श्रीमती माया नीलमचन्द्र भावसार, श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, कमलेश सिसौदिया, शराफत शेख, गोवर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, गरिमा हितेन्द्र भाटी, भारती धीरज पाटीदार, मंजू अनिल मालवीय भी उपस्थित थे। बैठक के अंत में राष्ट्रगान हुआ और बजट के स्वीकृत होने की घोषणा की गइ।

## बचत का बजट सिर्फ मायाजाल इससे ज्यादा कुछ नहीं-पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष टूटेजा

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीतसिंह टूटेजा ने नगर पालिका के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गुरूवार को नपा परिषद में 5 अरब 42 करोड़ 11 लाख 650 रू. की आय व 5 अरब 40 करोड़ 63 लाख 61 हजार 650 रू. की अनुमानित व्यय का बजट पेश किया गया जिसमें 1 करोड़ 48 लाख रू. की बचत अनुमानित है। लेकिन यह सिर्फ आंकड़ो का मायाजाल है इससे ज्यादा कुछ नहीं। नगर पालिका की आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। वार्डो में विकास कार्य नहीं हो पा रहे है। उपर से इस बजट में नगर पालिका ने सभी प्रकार के करों में बढ़ोत्तरी कर दी गई है जो कि आम जनों पर कुठाराघात है। पेयजल प्रतिदिन नहीं मिल पा रहा है लेकिन कर में 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर दी गई। स्वच्छता को लेकर व्यवस्था पूरी तरह से मुरझाई हुई है लेकिन यहां पर भी नपा ने कर बढा दिया। सम्पत्ति कर में भी 10 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई है।



मंदसौर नगर पालिका में लम्बे समय से भाजपा का कब्जा है लेकिन भाजपा की परिषद द्वारा जनता मूलभूत सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंदसौर नगर पालिका, राज्य सरकार और केन्द्र सरकार सभी जगह भाजपा की सरकार है मंदसौर नपा केन्द्र और राज्य सरकारों से राशि लाने के बजाये अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए मंदसौर की जनता पर करों का बोझ लाद रही है। नगर में विकास कार्य नहीं के बराबर हो रहे है। गर्मीयों में नगर की जनता के लिए एकमात्र राहत का केन्द्र तरणताल हुआ करता है यहां भी नगर पालिका ने शुल्क को बढ़ाकर लगभग दुगुना कर दिया है। सबसे बड़ी बात यह भी है कि पूरे प्रदेश में मंदसौर नगर पालिका ही एकमात्र ऐसी नगर पालिका है जो नामांतरण शुल्क के नाम पर दो प्रतिशत की वसूली करती है यहां भी नपा ने नामांतरण के अन्य करों में बढ़ोत्तरी की है। 40 वर्षो से नगर पालिका में भाजपा की परिषद है लेकिन अब मंदसौर की जनता अपने आप को ठगा से महसूस करने लगी है।

## श्रीमती पाटीदार ने बजट को विकास को गति देने वाला बताया और बैठक में दिये महत्वपूर्ण सुझाव

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** वार्ड क्र 39 पार्षद और जिला योजना समिति सदस्य भारती धीरज पाटीदार ने नगर पालिका के 5 अरब 42 करोड़ 11 लाख 650 रू. की आय व 5 अरब 40 करोड़ 63 लाख 61 हजार 650 रू. की अनुमानित व्यय का बजट पेश किया गया जिसमें 1 करोड़ 48 लाख रू. की बचत अनुमानित है का स्वागत करते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ बजट बताया ओर कहा कि इस बजट से मंदसौर के विकास को गति मिलेगी और आमजनों को नपा द्वारा मिलने वाली सुविधाओं में वृद्धि होगी।



वहीं बजट बैठक में भारती पाटीदार द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि जो शहर की जनता का संपत्ति कर या किसी भी प्रकार अन्य कर बकाया है उसकी वसूली के कैंप प्रत्येक वार्ड में प्रत्येक महीने लगाए जाने चाहिए। जिससे कि जनता को भी कर जमा करने में असुविधा न हो और नगर पालिका को भी समय पर राजस्व की प्राप्ति हो सके। आपने कहा कि मंदसौर जनता के लिए जल एक प्राथमिक आवश्यकता है शहर में जिनके पास नल के वैध कनेक्शन है अगर वह समय पर टैक्स जमा करते हैं तो उनको विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए और जो अवैध नल कनेक्शन है उनको एक विशेष अभियान के तहत वैध किया जाना चाहिए। ताकि नगर पालिका को राजस्व की प्राप्ति हो सके और उसे शहर के विकास कार्य में लगाया जा सके। जलकल राशि जो की पिछले वर्ष की भी बकाया है उसको अलग अलग स्थानों पर कैंप लगाकर वसूल किया जाना चाहिए।

## इस बजट से विकसित मंदसौर, सुन्दर मंदसौर, स्वच्छ मंदसौर बनेगा - श्रीमती चंदवानी

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकनिर्माण सभापति निर्मला नरेश चंदवानी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं राजस्व सभापति की उपस्थिति में मंदसौर नगर के चहुंमुखी विकास का शानदार बजट पेश किया है गया है मैं इस बजट का स्वागत करती हूं। इस बजट से विकसित मंदसौर सुन्दर मंदसौर, स्वच्छ मंदसौर की परिकल्पना साकार होगी। सभी 40 वार्डो का पूर्ण विकास होगा तथा मंदसौर के विकास में नया आयाम मिलेगा। मंदसौर के विकास हेतु विभिन्न योजनाओं हेतु राशि बजट में रखी गई है।



## पार्षद संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने बजट बैठक में दिये सुझाव

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद की बजट बैठक में वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया गया है जिसमें करों व शुल्कों में वृद्धि कर आम जनता पर भार बढ़ाया गया है लेकिन जनता पर बोझ बढ़ाने के बजाये नगरपालिका को अपनी सम्पत्तियों से आय बढ़ाना चाहिए लेकिन दूरदर्शिता के अभाव में इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे नगरपालिका के कर्मचारियों को न तो समय पर वेतन मिल रहा है ना ही विकास के कार्य हो पा रहे है।



उक्त बात कहते हुए वार्ड नं. 26 की पार्षद संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने बजट बैठक में सुझाव दिये कि मंदसौर के वार्ड नं. 26 में स्थित में सर्वे नं. 3200 की भूमि रिक्त पड़ी है। तथा यह पूर्व में शासन द्वारा गायों के लिये आरक्षित कर रखी है। इस भूमि का उपयोग गायों के निवास व उनके संरक्षण हेतु किया जा सकता है। इस भूमि पर शेड का निर्माण कर दिया जाये तथा ऐसे गोपालक जिनके पास अपनी गायों को रखने हेतु पर्याप्त जगह नहीं है तथा उनकी गाये सड़कों पर विचरण करती है उनको यहां पर गायों को रखने के लिये स्थान उपलब्ध कराया जाए तथा उसके लिये निर्धारित शुल्क लिया जाए। जिससे गाये सड़कों पर विचरण भी नही करेगी, गोपालकों को भी सुविधा होगी तथा नगरपालिका की आय भी बड़ेगी।

## महंगाई से परेशान जनता पर करों का बोझ बढ़ाना बेहद निराशाजनक-कुमावत

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष और युवा इंटक के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमावत ने मंदसौर नगर पालिका के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा शासित नगर पालिका मंदसौर ने सभी प्रकार के कर बढ़ाकर पहले से महंगाई को लेकर परेशान जनता पर करो का अतिरिक्त बोझ लाद दिया है। सबसे बडी बात यह है कि नगर पालिका परिषद मंदसौर में वर्तमान में महीने में मात्र 15 दिन ही पेयजल की सप्लाय करती है। इस पर भी नपा ने बजट में 15 प्रतिशत कर बढ़ा दिया है। इसके साथ ही सम्पित्त कर में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है जो सीधे - सीधे आम जनता पर अतिरिक्त मार है। नगर पालिका प्रतिदिन पेयजल तो सप्लाय नहीं कर रही हैं और कर बढा रही है जो कि गलत बात है। इतना ही नहीं। ठोस अपशिष्टप्रबंधन (स्वच्छता) कर में सलाना 60 व 70 रू. की बड़ी वृद्धि की गई है, जबकि स्वच्छता को लेकर कोई सुविधाएं नहीं बढ़ाई गई है। नपा में आवेदन शुल्क की राशि 10 रू. से बढ़ाकर 20 रू. एवं प्रतिलिपि शुल्क 10 रू. से बढ़ाकर 20 रू. प्रति पृष्ठ किया गया है। पशु हाट में आने वाले पशु का प्रवेश शुल्क भी 5 से बड़ाकर 25 रुपए किया गया है। मतलब आय बढ़ाने के लिए भाजपा की नगर पालिका को सिर्फ मंदसौर की जनता की नजर आ रही है। श्री कुमावत ने कहा कि नगर पालिका हर वर्ष बजट में बगीचों के उद्धार और बच्चों के प्ले जोन बनाने की बात करती है लेकिन 40 वर्षो में नगर पालिका मंदसौर के बच्चों को एक भी प्ले जोन नहीं दे पाई है। कुल मिलाकर मंदसौर नगर पालिका का बजट हर बार की तरह इस बार भी सिर्फ आंकड़ो का मायाजाल है।



## मैरिज रिसोर्ट और फ्लैक्स से आय को बढ़ाया जा सकता है-शर्मा

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद की गुरूवार को हुई बजट बैठक में नगर पालिका वार्ड क्र 7 से पार्षद तरूण शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि मंदसौर के छोटी गलियों वाले वार्ड जिसमें वार्ड क्र 1,2,15, 16, 18,19, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35 और 36 आते है यहां पर नपा द्वारा विशेष बजट बनाकर ड्रेनेज और सीसी रोड सड़क निर्माण का कार्य एक साथ किये जायें ताकि वार्डवासियों को बार - बार असुविधा न हो। श्री शर्मा ने कहा कि नपा में राजस्व सभापति द्वारा पेश किये आंकड़े और जमीनी हकीकत में बहुत फर्क है। यातायात व्यवस्था को लेकर बजट में हर बार राशि आवंटित कि जाती है लेकिन हर बार इस राशि का कोई उपयोग नहीं होता है पार्किग व्यवस्था को लेकर भी किसी प्रकार के कोई सुधार नहीं किये गये है। बच्चों के प्ले जोन को लेकर भी कोई प्लानिंग नहीं है। बच्चों के प्ले जोन के लिए अलग से राशि आवंटित कि जाना चाहिए और नगर के बगीचों में प्ले जोन का विकसित करना चाहिए। चम्बल के पानी के कारण नपा पर बिजली के बिल का अतिक्ति बोढ बढ गया है इसे कम करने के लिए नपा को अपना स्वयं का सोलर प्लांट लगाना चाहिए। आपने कहा कि रिसोर्ट और फ्लेक्स के माध्यम से नपा की आय को बढ़ाया जा सकता है। शर्मा ने नपा द्वारा बढ़ाये गये सभी करों को बढ़ाने पर अपना विरोध प्रकट किया। आपने कहा कि नपा को अपने आय के साधन बढ़ाना चाहिए न कि जनता पर कर बोझ बढ़ाना चाहिए।



## देवर ने भाभी को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महिला ने देवर के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया। भागवत नगर रामटेकरी मंदसौर निवासी आशा सेठिया ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं ससुराल कयामपुर बच्चों की पढ़ाई के खर्च के लिए 15000 रुपए महिना लेने गई थी। वहां देवर प्रमोद सेठिया मिला, जिससे मैंने खर्चे के रुपए देने की बात कही तो उसने मेरी स्कूटी को लात मारकर गिरा दिया, गाली-गलौज की और धमकी दी कि अब रुपए मांगने आई तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने देवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकलेगी वाहन रैली

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में नववर्ष की पूर्व संध्या 29 मार्च 2025, शनिवार को विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है। यह वाहन रैली जिला मुख्यालय पर स्थित गांधी चौराहा से प्रारंभ होकर पुन: गांधी चौराहे पर ही समाप्त होगी।

यह जानकारी देते हुए हिंदू उत्सव समिति के रैली संयोजक श्री आनंद तंवर ने बताया कि हिंदू उत्सव समिति द्वारा रैली को विशाल रूप देने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों में बैठक करने के साथ ही गांव-गांव में भी कार्यकर्ता से अधिक से अधिक संख्या में रैली में युवा जन शामिल हो इसको लेकर बैठक कर रहे हैं। इसके साथ ही नववर्ष के दिन 30 मार्च 2025, रविवार को नगर के विभिन्न मंदिरों पर पूजा ,महाआरती एवं ध्वजा चढ़ाने का कार्यक्रम भी किया जाएगा। ध्वजारोहण व महाआरती क्षेत्र की विभिन्न मंदिर समितियां एवं सामाजिक संगठन मिलकर करेंगे। नगर व आसपास क्षैत्रों के मंदिरों को रोशनी से सजाया जाएगा व यहां पर आतिशबाजी कर नव वर्ष की आगमन का उत्सव मनाया जाएगा। रैली संयोजक श्री तंवर ने बताया कि इसको लेकर हिंदू उत्सव समिति द्वारा 60 से अधिक मंदिरों पर संपर्क कर बैठक की गई और यह अभियान जारी है। सभी तय मंदिरों पर आतिशबाजी व महा आरती का समय सायं 8:00 बजे निर्धारित किया गया है। श्री तंवर ने अपील की है कि सभी सनातन धर्मी नववर्ष के उत्सव को उत्साह के साथ मनाएं और तय समय 8 बजे एक साथ आयोजन कर आयोजन की गरिमा को बढ़ाएं।

## जलमंदिर प्याऊ एवं सकोरा वितरण का शुभारंभ

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गर्मी के मौसम में प्यासे परिंदों के लिए जलस्रोत उपलब्ध कराने की पहल के तहत पंछी बचाओ अभियान द्वारा प्रथम जलमंदिर प्याऊएवं सकोरा वितरण का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 27 मार्च, गुरुवार को उत्कृष्ट स्कूल रोड, जच्चा-बच्चा गेट के बाहर किया गया, जिससे राहगीरों और मरीजों के परिजनों को भी पेयजल की सुविधा मिल सके।

इस पुनीत कार्य में मंदसौर विधायक विपिन जैन, पंछी बचाओ अभियान के संरक्षक विनय दुबेला, समाजसेवी नाहरू भाई, विनोद मेहता, राजाराम तंवर, विधायक प्रतिनिधि मनोहर नाहटा, अनीता भदौरिया , नरेंद्र विश्वकर्मा, देवेंद्र राव, फरदीन शाह, शकुंतला सोनी, योगिता बेरागी, प्रीति कुमावत, गोपाल राव, सहित कई समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों और नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्व. श्रीमती निर्मला कश्यप की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पक्षी प्रेमियों ने सकोरे प्राप्त कर उन्हें अपने घरों व सार्वजनिक स्थलों पर रखने का संकल्प लिया।

**संस्था की पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका**-विधायक विपिन जैन ने पंछी बचाओ अभियान की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लगातार 7 वर्षों से पक्षियों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। साथ ही यह संस्था ब्लड डोनेशन, जल मंदिर निर्माण और आपातकालीन सेवाओं में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। संरक्षक विनय दुबेला ने बताया कि संस्था वर्षों से गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता से लेकर, घायल पक्षियों के इलाज तक कार्य कर रही है। इसी क्रम में इस बार मानव सेवा के लिए भी जलमंदिर की स्थापना की गई है।

**नगरवासियों से सकोरे रखने की अपील**-अभियान के सदस्य राकेश भाटी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शहर में परिंदों के लिए जलस्रोत स्थापित करना और नागरिकों को इस दिशा में जागरूक करना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जलमंदिर प्याऊभी लगाए जा रहे हैं, जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत मिल सके। अभियान के सदस्यों ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों की छतों, बालकनियों और बाग-बगीचों में सकोरे रखें, ताकि पक्षियों को पर्याप्त पानी मिल सके। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।



## स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम दलौदा पब्लिक स्कूल में सम्पन्न

**मंदसौर/दलौदा, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्किल ड्वेलपमेंट प्रोग्राम दलौदा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया हे। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे आर्चरी, स्विमिंग (तैराकी), टेबल टेनिस, क्रिकेट, वैदिक मैथ्स, म्यूजिक, डांस, आर्टएंडक्रॉफ्टआदि केमाध्यम से विद्यार्थियों केकौशल विकास उन्नयन हेतु प्रयास किए जा रहे है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी विद्यार्थियों के कौशल विकास उन्नयन हेतु अत्यधिक बल दिया गया है, इसको दृष्टिगत रख दलौदा पब्लिक स्कूल परिवार द्वारा विद्यार्थियों केसर्वांगीण विकास हेतु प्रयास किया जा रहा है। दो दिवसीय एडवेंचर इवेंट का आयोजन भी किया जा रहा हैइस इवेंट केअंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जैसे : आर्चरी, जिप लाइन, लेडर, वॉल क्लाइंबिंग, रोप क्लाइंबिंग, कमांडो नेट, वुड वॉक इत्यादि सम्मिलित है। यह कैंप और इसके इवेंट बहुत ही अकल्पनीय है। विद्यार्थी भी आनंदपूर्वक इस कैंप में सहभागिता कर अपना कौशल दिखाने हेतु उत्साहित है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों का कौशल विकसित हो इस हेतु विद्यालय की संचालिका श्रीमती सोनाली जैन एवं प्राचार्य एस. रेजीमोन द्वारा विद्यार्थियों को उनके भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई।

## सोमयज्ञ समिति ने साठिया बस्ती में भी किया आव्हान

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 13 से 18 अप्रैल तक श्री वल्लभाचार्य नगर में आयोजित होने जा रहे महा सोमयज्ञ के विराट आयोजन के संदर्भ में आयोजन समिति ने संपर्क किया साठिया बस्ती में इस समुदाय के स्त्री पुरुषों को सोम यज्ञ के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। सोम यज्ञ के आयोजन में जो 6 दिनों तक 24 पोलियो में संपन्न होगा इसमें समरसता के भाव को दृष्टिगत रखते हुए उन उपेक्षित और वंचित वर्ग के समुदायों को भी यज्ञ में सम्मिलित किया जा रहा है जो सनातन परंपरा के अंग है किंतु परिस्थिति वश वे समाज की मुख्य धारा से अलग हैं। प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत के प्रमुख रवि प्रताप सिंह बुंदेला की उपस्थिति में आयोजन समिति के सर्वश्री दाऊभाई विजयवर्गीय विजय सुराणा के के बाहेती, विनोद मेहता, ब्रजेश जोशी, जीतू पारेख गौरव अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता,कन्हैया देशमुख, हेमन्त भाई शाह रानू भावसार श्री मति गुप्ता आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। साठिया समुदाय के 6 जोड़ों ने सोम यज्ञ में सम्मिलित होने का संकल्प कर अपनी रसीद बनवाई। नगर में यह पहले ही कोई बड़ा धार्मिक प्रयोजन होगा जिसमें यह वंचित ओर उपेक्षित साठिया समुदाय शामिल होगा।

**सोमयज्ञ का होना परम सौभाग्य का प्रसंग है-** आयोजन समिति ने पूर्व विधायक और प्रदेश भाजपा प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसोदिया को भी सोमयज्ञ के आयोजन का आमंत्रण पत्रक भेंट किया सिसोदिया ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मंदसौर नगर धार्मिक एवं प्राचीन महत्व का नगर है और सबसे बड़ा सोम यज्ञ यहां आयोजित हो रहा है यह हम सब नगर वासियों के लिए सौभाग्य की बात है



अधिक से अधिक लोगों को सौमयज्ञ में बैठकर इसका लाभ लेना चाहिए।

**दुर्लभ अवसर का सभी लाभ लेवे-** इसी प्रकार नरसिंहपुरा क्षेत्र में श्रीदिवाक माताजी के मंदिर में माताजी को के चरणों में आमंत्रण पत्र समर्पित किया गया। यहीं पर श्री राम कथा के प्रसिद्ध प्रवक्ता पं. दशरथ भाई शर्मा को भी आमंत्रण भेंट किया गया। आपने भी सोम यज्ञ के मंदसौर नगर में आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और आम श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे इस यज्ञ में अवश्य सम्मिलित हों। श्री सिसोदिया और पंडित दशरथ भाई से संपर्क के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, हेमन्त शर्मा, राजेंद्र चाष्टा, प्रद्युम्न शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

**मातृ शक्ति महिला मण्डल की भी बड़ी बैठक हुई-**इसी प्रकार मातृशक्ति महिला मंडल की भी एक वृहद बैठक जीवागंज स्थित श्री गोवर्धन विलास के परिसर में संपन्न हुई जिसमें अनिता दीदी ने उपस्थित सभी महिलाओं को सोमयज्ञ के आयोजन में सक्रियता के साथ जुड़ने का आह्वान किया और सेवा प्रकल्प में भी योगदान देते हेतु प्रेरित किया। बैठक में गुरु मां अनिता दीदी, किरण मावर,संध्या शर्मा, विद्या उपाध्याय, आशा अग्रवाल, सुनीत बाहेती, उमा सैनी,निर्मला गुप्ता,नीता चौबे, संगीता मंडोवरा,सुधा मुंगड, अंजू तिवारी,मंजू जाट, रेखा शर्मा, सरिता पारिख, रीटा पारिख, निक्की पारिख, अर्चना पारिख, मंजूपरमार, पुष्पा झगवार, पूजा सोनी, स्नेहलता उपाध्याय, दीपा चनयारा, वंदना सोनी, रेखा बरानिया, भाविका शाह, सुनीता भावसार, तरुणा सोनी, अनीता पोरवाल, शशी झलोया, राजश्री डोसी, हेमा अहिरवाल, रखी मंडोवरा, आरती दवे, रानू भावसार आदि उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमन्त शर्मा ने दी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 0000 | 0000 | 0000 |
| उड़द | 12 | 5501 | 6599 |
| सोयाबीन | 3227 | 3400 | 4157 |
| गैहु | 11000 | 2300 | 2825 |
| चना | 493 | 5010 | 5614 |
| मसुर | 172 | 5600 | 6180 |
| धनिया | 646 | 5800 | 9173 |
| लहसुन | 18000 | 4500 | 6800 |
| मैथी | 1853 | 3590 | 5801 |
| मुंगफली | 0000 | 0000 | 0000 |
| अलसी | 2061 | 5501 | 6051 |
| सरसो | 303 | 5001 | 5640 |
| तारामीरा | 3 | 4800 | 5010 |
| इसबगोल | 115 | 10500 | 12800 |
| प्याज | 2993 | 450 | 1401 |
| कलोंजी | 0000 | 0000 | 0000 |
| तुलसी बीज | 0000 | 0000 | 00000 |
| डॉलर | 120 | 5300 | 9201 |
| तिल्ली | 1 | 8252 | 8252 |
| जौ | 15 | 2112 | 2115 |
| मटरसुखी | 23 | 4430 | 5200 |
| असालीया | 90 | 6100 | 6620 |
| चियाबीज | 126 | 10000 | 13421 |

## मंदसौर के अफीम उत्पादक किसानों के लिए सांसद गुप्ता का संदेश...

# अफीम तौल प्रक्रिया जल्द होगी प्रारंभ

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर संसदीय क्षेत्र के अफीम उत्पादक किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने दिल्ली से एक वीडियो संदेश जारी कर किसानों को अफीम तौल प्रक्रिया और निरीक्षण से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी।



सांसद गुप्ता ने कहा कि यह सभी किसानों के लिए खुशी का विषय है कि लंबे परिश्रम के बाद उनकी अफीम की फसल पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जो किसान अफीम निकाल चुके हैं, उनकी तोल प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने वाली है। वहीं, सीपीएस (कंसेंट्रेटेड पॉपपी स्ट्रॉ) पद्धति से जुड़ी चिंता को दूर करते हुए उन्होंने बताया कि सरकार ने 31 मार्च तक निरीक्षण प्रक्रिया जारी रखने का निर्देश दिया था। इसके बाद किसानों को डोडे के उचित माप और तौल को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

**गलत सूचनाओं से बचने की अपील**–सांसद गुप्ता ने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। सरकार की ओर से पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चयनित किसानों का निरीक्षण हो चुका है, इसलिए शेष किसान स्वतंत्र रूप से अपनी सूखी फसल को निकाल सकते हैं। किसी भी प्रकार की अफवाहों में न आएं और न ही किसी अधिकारी या मुखिया के बहकावे में आएं।

**सरकार के निर्देशों का पालन करें**–उन्होंने कहा कि जिन किसानों के गांवों में निरीक्षण हो चुका है, वहां दोबारा निरीक्षण नहीं होगा। सरकार ने पहले ही तय किया था कि गांव में जितने किसानों का चयन किया गया था, केवल उन्हीं का निरीक्षण होगा। बाकी किसान अब अपनी सूखी फसल को निकाल सकते हैं और अपने घरों में सुरक्षित रख सकते हैं। सरकार जब तौल की प्रक्रिया शुरू करेगी, तब सभी किसानों को अपनी फसल नारकोटिक्स विभाग को जमा करानी होगी। सांसद ने कहा कि किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है, वे पिछले वर्षों की तरह ही इस बार भी अपनी फसल को पूरी प्रमाणिकता के साथ निकाल सकते हैं और तय प्रक्रिया के तहत जमा कर सकते हैं।

**किसानों के हित में सरकार प्रतिबद्ध**–सांसद गुप्ता ने स्पष्ट किया कि सरकार किसानों के हित में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने किसानों से धैर्य बनाए रखने और सरकारी निर्देशों के अनुसार ही फसल का रखरखाव करने की अपील की।

**अंत में**–मंदसौर संसदीय क्षेत्र के अफीम उत्पादक किसानों के लिए यह सूचना राहत भरी है। सांसद सुधीर गुप्ता ने स्पष्टकर दिया है कि चयनित किसानों का निरीक्षण पूरा हो चुका है और बाकी किसान अपनी सूखी फसल निकाल सकते हैं। सरकार की ओर से जब तौल प्रक्रिया के लिए तिथि घोषित होगी, तब सभी किसानों को अपनी फसल जमा करनी होगी। इसलिए किसान किसी भी भ्रामक सूचना से बचें और सरकारी निर्देशों का पालन करें।




## महामण्डलेश्वर स्वामी श्री अनन्तगिरीजी महाराज, वृन्दावन का दिव्य सत्संग प्रारम्भ

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में चैत्र नवरात्र महोत्सव के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय श्री वामदेवज्योतिर्मठ संस्थान वृन्दावन के अनन्त विभूषित परम पूज्यपाद महामण्डलेश्वर स्वामी श्री अनन्तदेवगिरीजी महाराज के प्रतिदिन प्रात: 8.30 बजे से 10 बजे तक दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन होंगे। 6 अप्रैल को रामनवमी महोत्सव मनाया जायेगा।

श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोत, सहसचिव प्रवीण देवड़ा, न्यासीगण बंशीलाल टांक, प्रहलाद काबरा, सत्यनारायण सोमानी, जगदीशचन्द्र गर्ग, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, महेश गर्ग अजय मित्तल, अजय सिखवाल, राजेश तिवारी, सूरजपालसिंह तोमर ने सभी सत्संगप्रेमी जिज्ञासुओं से सत्संग लाभ लेने की अपील की है।

# जिले में व्यापक स्तर पर जल संरचनाओं के संरक्षण का कार्य करें-कलेक्टर

**नगरीय निकाय सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करें, शहरों में ग्रीन एरिया विकसित करें**



**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जल गंगा जल संवर्धन अभियान एवं पेयजल परीक्षण की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभा गार में आयोजित की गई। गर्मी के दिनों में जल संकट उत्पन्न न हो इसके लिए अभी से आवश्यक तैयारियां की जाए। पानी के लिए टैंकर व्यवस्था हो, जल संरक्षण के बारे में लोगों को प्रेरित करें। जल संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत सूचित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में व्यापक स्तर पर जल संरचनाओं के संरक्षण का कार्य करे उनका जीर्णोद्धार करें। सभी नगरीय निकाय सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करें। तथा उसका व्यापक प्रचार प्रसार करें। शहरों में ग्रीन एरिया विकसित करें। उस एरिया को जिओ टेक भी करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी सीएमओ, सभी सीईओ एवं अन्य संबंधित विभाग मौजूद थे।

नहर, नाले, चेक डैम, स्टाप डैम की जिओ टेकिंग की जाए और इनको पोर्टल पर रिपोर्ट भी करें। रेवेन्यू रिकॉर्ड में अंकित करें। जल संरचनाओं को ग्राउंड ट्रीथिन्ग कराए। जल संरचनाओं से अतिक्रमण को हटवाए। शासकीय नहर की मैपिंग करें। सभी नगरीय निकाय नए कामों एवं ग्रीन पेंच को जिओ टेक करें। नए खेत तालाब, अमृत सरोवर का निर्माण करें। कुएं, नलकूप को रिचार्ज करने का कार्य करें। वृक्षारोपण की योजना बनाएं। नवीन जल संरचना का निर्माण करें तथा पुरानी संरचनाओं की साफ सफाई करें। मानसून के पूर्व पौधारोपण की आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें। सभी सीएमओ अपने-अपने क्षेत्र में कामों को चिन्हित करें। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लक्ष्य तय करे और उस पर कार्य करें।

# मप्र की पहली आयुर्वेदिक फार्मेसी तैयार होने की ओर

**पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में शुरू होने की उम्मीद**

**भोपाल, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलियासोत पहाड़ी स्थित पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक अस्पताल अपनी जरूरत की दवाएं खुद बनाने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। यहां प्रदेश की पहली आधुनिक आयुर्वेदिक फार्मेसी का निर्माण कार्य जारी है, जिसे इस साल के अंत तक शुरू करने की योजना है।

यह फार्मेसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी और इसमें जडी-बूटियों के प्रसंस्करण, औषधियों की गुणवत्ता परीक्षण, स्वच्छ भंडारण तथा प्रत्यक्ष वितरण की सुविधा होगी। ऐसे पहुंचेगी दवा आम लोगों तक यह आयुर्वेदिक फार्मेसी अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों को प्रत्यक्ष रूप से औषधियां उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा अस्पताल के माध्यम से प्रदेशभर के सरकारी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों और दवा वितरण केंद्रों में भी दवाएं भेजी जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके।

**प्रचार-प्रसार की रणनीति**–अस्पताल प्रशासन आयुर्वेदिक दवाओं के लाभ और उपयोगिता को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाएगा। इसमें निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर, सामाजिक संगठनों के सहयोग से जनसभाएं और इंटरनेट मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म्स के माध्यम से प्रचार किया जाएगा। इसके अलावा आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक कार्यशालाओं और सेमिनारों का भी आयोजन होगा।

**दवाओं की कीमत और सुलभता**–

✻ अस्पताल प्रशासन के अनुसार यहां बनने वाली आयुर्वेदिक दवाएं बाजार दर से काफी सस्ती होंगी। चूंकि दवाएं अस्पताल में ही बनाई जाएंगी, इसलिए मध्यस्थता शुल्क बचेगा, जिससे मरीजों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण औषधियां मिल सकेंगी। ✻ दवा निर्माण की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की निगरानी में उत्पादन होगा। इसके लिए विदेशी उपकरण मंगाए जाएंगे। फार्मेसी भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके बाद उपकरणों की स्थापना और अन्य जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। हमारा लक्ष्य इस साल के अंत तक फार्मेसी शुरू करना है। इस पहल से प्रदेश में आयुर्वेदिक चिकित्सा को नया बल मिलेगा, जिससे न केवल मरीजों को शुद्ध और प्रभावी औषधियां मिलेंगी, बल्कि आयुर्वेदिक चिकित्सा का अनुसंधान और विकास भी तेज होगा। डॉ उमेश शुक्ला, डीन, शासकीय पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज।



## दशपुर भावसार समाज पांच दिवसीय हिंगलाज महोत्सव सम्पन्न

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां हिंगलाज देवी का प्रकट महोत्सव दशपुर भावसार समाज द्वारा बडी धूमधाम से मनाया गया। गुरूवार को एक विशाल चल समारोह निकाला गया जिसकी खानपुरा स्थित चारभुजा नाथ मंदिर से शुरुआत हुई जो सत्संग भवन प्रतापगढ पुलिया सदर बाजार होते हुए घंटाघर पहुंचा , पुन: घंटाघर से सदर बाजार मंडी गेट होते हुए खानपुरा स्थित चारभुजा नाथ मंदिर भावसारो की बगीची पहुंचा। जहां माताएं बहने ढोल एवं बैंड बाजा के ताप पर नृत्य करती हुई चल रही थी वहीं पुरुष वर्ग भी व्हाइट कुर्ते पजामे में एक साथ चलते हुए नजर आए। चल समारोह का जगह-जगह लोगों ने भव्य स्वागत किया। चल समारोह प्रसाद मां हिंगलाज की महाआरती की एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठअध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव , कोषाध्यक्ष सहित सभी उपस्थित थे। इस अवसर पर जहां गत वर्ष बुरहानपुर से दीपक भावसार एवं उनकी फैमिली ने इस आयोजन में सम्मिलित हुए थे वही इस बार मंदसौर के इस कार्यक्रम की भव्यता को देखते ही इस बार विजय भावसार एवं उनके परिवार मुंबई से मंदसौर आए। आपका भी समाज जन द्वारा आपका अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष महेश भावसार, सचिव संजय भावसार, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश भावसार, आनन्द भावसार, पूर्व पार्षद सुरेश भावसार, पूर्व अध्यक्ष जगदीश पेंटर, दिलीप भावसार, विजय भावसार बाम्बे, देवेन्द्र भावसार, दीपक भावसार, महेश भावसार, सुरेश भावसार लगन, नीलम भावसार, राकेश भावसार पार्षद प्रतिनिधि, अशोक भावसार पूर्व अध्यक्ष सहित समाजजन उपस्थित थे।

## सहकारी बैंक समितियों में किसानों के फसली ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई की जावे-गुर्जर

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव एवं किसान नेता श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि सहकारी समितियों में किसानों के फसली ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च 2025 है। जिसे आगे बढ़ाकर 30 मई 2025 की जावे।



श्री गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में रबी की फसलें खेतों में खडी है और शेष फसलों की कटाई का काम चल रहा है। इसके बाद ही किसान मण्डियों में अपनी फसलों को बेचकर सहकारी समितियों के फसली ऋण को जमा करता है। ऐसी परिस्थिति में अंतिम तिथि 28 मार्च 2025 तक किसान फसली ऋण जमा करने में असमर्थ हैं। श्री गुर्जर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों की इस व्यवहारिक समस्या को ध्यान में रखते हुए फसली ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च से बढ़ाकर 30 मई 2025 की जावे। ताकि अन्नदाता किसानो को शून्य ब्याजदर योजना का लाभ मिल सकें, अन्यथा किसानों को 12% सहित दंड ब्याज चुकाना पडेगा

## ✻ उठावना ✻

रामलाल राठौर, कचरमल राठौर, गोपाल राठौर, वर्दीचंद राठौर के बड़े भाई, शांतिलाल, जुहारामल, मोहन लाल के काकाजी एवं भंवरलाल, भारत, सोहन लाल जयराम, मांगीलाल, मन्नालाल, सत्यनारायण, मनोज के बड़े पापा एवं ओमप्रकाश, लोकेश राठौर के पूज्य पिताजी सुनील, सतीश, हर्ष, गौरव, जयदीप के दादाजी श्री लक्ष्मीनारायण जी राठौर (शंकर आइल मिल ) वाले का स्वर्गवास आज दिनांक 26/3/2025 बुधवार को हो गया है। जिनका उठावना 28 मार्च शुक्रवार को प्रात: 10.30 बजे कस्तूरी राठौर रिसोर्ट टिलाखेड़ा बालाजी मंदिर के पीछे पिपलियामंडी पर रखा है।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**

**समस्त राठौर परिवार टीलाखेड़ा पिपलिया मंडी।**

**शंकर आइल मिल, भारत आइल मिल पिपलिया मंडी।**

## भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव 30 को मनाया जाएगा-वासु सेवानी

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री झूलेलालजी के जन्मोत्सव चेटीचण्ड महापर्व के अन्तर्गत पूज्य सिन्धी जनरल पंचायत के तत्वावधान में श्री वरूणदेव मंदिर संचालन समिति द्वारा तीसरे दिन 27 मार्च को प्रात:काल निकली संकीर्तन प्रभात फेरी हिन्दू सनातन धर्म की प्रमुख धर्मपीठ की मन्दसौर शाखा श्री प्रेम प्रकाश आश्रम पहुंची। जहां पर भगवान लक्ष्मीनारायण, भगवान झूलेलाल, सतगुरू टेऊँराम‌जी महाराज एवं सतगुरुओ की प्रतिमाओं का सुन्दर व आकर्षक मनोरथ किया गया। जिसकेदर्शन कर श्रृद्धालु प्रफुल्लित हो उठे। बहीराणा समिति के सदस्यों मुरली पारवानी, रामी शर्मा, जीतू खत्री, योगेश खेमानी ने भगवान झूलेलाल के जीवन पर आधारित सुन्दर भजन प्रस्तुत किये जिस सिन्धी समाज की संगत खुशी के कारण झूम उठी।

श्री प्रेम प्रकाश आश्रम सेवा मण्डली कि संगत ने प्रभात फेरी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।इस आशय की जानकारी नंदू आडवाणी ने देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर भगवान लक्ष्मीनारायण, झूलेलाल, आचार्य टेऊँराम महराज की आरती करने वालों में प्रमुख पूज्य सिंधी जनरल पंचायत एवं भाई बन्ध पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, आशीर्वाददाता दृष्टनंद नैनवानी, संयोजक नंदू आड्वाणी, महासचिव राजेश चाहूंजा, महेश देवनानी, विजय कोठारी, अशोक रायमलानी, सुरेश गिरीश भगतानी, दयाराम जैसवानी, मोहनदास फतनानी, देवीदास प्रधनानी, हरिश उत्तवानी, नरेंद्र संगतानी, कोषाध्यक्ष प्रितम खैमानी, मुरली पारवानी, चन्दीराम चंदानी, दुर्गेश बेलानी, नरेश फतनानी, नारायण शिवानी, ईश्वर भावनानी, ,सुन्दरदास आसवानी, सहित सैकडों स्त्री, पुरूष, बच्चों ने इस वर्ष पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष वासुदेव सेवानी के सानिध्य में उत्साह के साथ भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव मनाने का संकल्प लिया, जो देखते ही बनता था। चेंटी चण्ड महोत्सव पर खुशी का इजहार करने के लिये 25 मार्च से रोजाना प्रात: 6 बजे से सिन्धी समाज की महिला, पुरूष व बच्चे स-कीर्तन, प्रभातफेरी के माध्यम से शहर के हर कोने, मोहल्ले व कॉलोनियों में जाकर जय झूलेलाल, आयोलाल झूलेलाल के जयकारों के साथ 30 मार्च रविवार को भगवान के जन्मदिवस ऐतिहासिक रूप मनानने में का आव्हान कर रहे है। इस पावन अवसर पर श्री प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली की महिलाओं ने झूलेलाल भगवान व श्री टेऊँराम कि महिमा के भजन प्रस्तुत किये। श्री प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली के अध्यक्ष एवं पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के स्थाई संयोजक पुरूषोत्तम शिवानी ने चेटीचण्ड मेले में सिंधुजनों को अधिक उत्साह से सम्मिलित होने का आह्वान किया व सिन्धु संस्कृति की व्याख्या करते हुए कहा कि हमारी सिन्धु संस्कृति प्राचीन संस्कृति है। मोहन जोदडो के वंश से सिंन्धु संस्कृति की उत्पत्ती हुई व हिन्दू संस्कृति की उत्पत्ति भी मोहन जोदडो सिन्धु संस्कृति से हुई। शिवानी ने कहा कि आज से 1075 वर्ष पूर्व जब हिंदुओं पर अत्याचार होने लगे एवं धर्म परिवर्तन के लिए हिन्दू ओ को विवश किया जाने लगा तब हिंदू धर्मी सिंधु नदी पर एकत्रित होकर भगवान को पुकारा तब आकाशवाणी हुई की हिंदुओं की रक्षा के लिए भगवान श्री झूलेलाल जल ज्योति के अवतार अवतार लेंगे और हिंदुओं की रक्षा करेंगे। अंत में आप संगत का आभार प्रदर्शन महिला मण्डली प्रमुख श्रीमती पुष्पा पमनानी एवं दयाराम जैसवानी ने प्रकट किया।

## फूटकर किराना व्यापारी संघ की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** फूटकर किराना व्यापारी संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक कामरिया द्वारा संघ की नवीन कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से घोषणा की गई।



जिस अनुसार आशीर्वाद दाता श्री दृष्टानन्द नैनवानी काका, संरक्षक सभी पूर्व अध्यक्ष सफदर हुसैन, संजय तरवेचा, शरद धींग, महासचिव राजेश चाहुजा, महामंत्री अशोक बुलचंद, उपाध्यक्षगण भगवानदास आकाश, हरिश अग्रवाल राजेश किराना, मनोहर नैनवानी, रमेश पारिख, अनिल मालू संजय ट्रेडर्स, सचिव देवेन्द्र अग्रवाल, संजय झावा, अशोक लवाणी, महेश भाटी, सहसचिव राजेश डोसी, संजय संघवी, धरमचन्द जैन, सुनील पारीख, रिकबचंद जैन, कोषाध्यक्ष ज्ञानमल तरवेचा, सहकोषाध्यक्ष वासुदेव कोठारी बनाये गये। कार्यकारिणी सदस्य में मुकेश लढ़ा, किशोर लवाणी, सुरेश कोठारी, लालकृष्ण काका, सी.पी. जैन, श्याम छाजेड, राजेन्द्र छाजेड, हरिश प्रदीप किराना, संजय प्रोवीजन, प्रदीप जैन, महेश भीष्म किराना, संजय ट्रेडर्स, कुम्हार किराना, प्रदीपकुमार कन्हैयालाल, श्याम किराना, चारभुजा किराना, चीनु पोरवाल को लिया गया। अध्यक्ष श्री कामरिया ने बताया कि किराना व्यापारियों को व्यापार करने में आ रही समस्याओ का निराकरण कराने के प्रयास किये जायेंगे तथा व्यापारियों में एकता बनी रहे ऐसे सदैव प्रयत्न किये जायेंगे।



# धूमधाम से मनी रंग तेरस, चारों ओर रंगों की बहार

**मनासा, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को पूरा नगर रंग तेरस के रंग में रंग गया। प्रात:काल बेला मे ही बच्चों के हाथों में रंग से भरी पिचकारियां दिखाई दे रही थी जिनका उत्साह देखते बन रहा था रंग का यह त्यौहार दिन के चढते चढते रंगों के उत्सव में बदल गया। नगर में जहा देखो रंग हाथ में लिए टोलिया एक दूसरे को रंगने को आतुर दिखाई दे रही थी। नगर परिषद द्वारा निकली गैर निकाली गई। वही मंदिरों में भगवान संग भक्तों ने फूल ,गुलाल, अबीर के साथ होली खेली, इस अवसर पर भजनों की धुन पर भक्त जन नृत्य करते नजर आए। पुलिस प्रशासन त्योहारों को देखते हुवे पूरी तरह से नगर के हर प्रमुख चौराहे पर मुस्तैद था।



तेरस का पर्व नगर में बडे उत्साह व उमंग के साथ नगरवासियों ने रंगों से सराबोर हो कर मनाया गया। चौराहे गलियों में रंगों की धमाल के उत्साह वाले नजारे दिखाई दिए साथ ही एक दूसरे को रंग लगा कर एक दूसरे को बधाई दी। रंग तेरस के अवसर पर शांति व सुरक्षा की दृष्टिसे पुलिस प्रशासन ने बडी संख्या में नगर में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई हुई थी साथ ही एसडीओपी व थाना प्रभारी शिव रघुवंशी स्थिति पर नजर लगाए हुवे थे। गुरुवार को रंग तेरस के अवसर पर पूरा नगर रंग खेलने का इंतजार कर रहा था। सुबह से ही बच्चों में रंग खेलने को लेकर बडा उत्साह दिख रहा था जिधर देखो रंगों की धमाल दिखाई दे रही थी। देखते देखते ही पूरा नगर रंगों के इस पर्व में शामिल हो गया। रामपुरा नाका क्षेत्र से नप की रंगारंग गैर निकली डीजे पर युवा पीढी होली के गीतों पर नृत्य करते हुवे थिरक रहे थे इस बार 'रंग तेरस पर युवा पीढी में गत वर्ष की तरह कपडा फाड होली की मस्ती ज्यादा दिखाई दी। युवा वर्ग के साथ नप अध्यक्ष प्रतिनिधी अजय तिवारी व पार्षद गण पूरी तरह से रंगो की मस्ती में नाचते गाते उत्साहित थे नप की दमकल रंगों की पिचकारी से नगरवासियों को सराबोर कर रही थी। नप की गैर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। रंग तेरस के इस अवसर पर नगर में युवा वर्ग में लाल रंग के बदले काले रंग के प्रति ज्यादा आकर्षित दिखाई दिए थे युवा वर्ग एक दूसरे को काला रंग लगाते हुवे दिखे । द्वारकाधीश मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, उषागंज स्थित श्री राम मंदिर पर फाग उत्सव का भक्तिमय आयोजन हुवा जिसमे भक्तों ने भगवान के साथ अबीर गुलाल व फूलो की होली खेली गई। द्वारकाधीश - मंदिर पर आयोजित फाग उत्सव मे भजन गायकों में विजय उपाध्याय, अर्जुन समदानी, ने भजनों होली फाग के गीत सहित लावणियो को गाते हुवे माहौल में भक्तिरस भरा इस भक्तिरस में बडी संख्या में युवतियों महिलाओं व नागरिकों सहित भक्तजनों ने मधुर भजनों की स्वरलहरियों पर नृत्य करते फूल की पत्तियों व लाल गुलाबी गुलाल से भगवान के संग होली खेली व एक .. दूसरे को रंग लगा कर होली की बधाई दी। सरदार पटेल युवा संगठन व गायत्री नगर वासियों ने भी रंग तेरस पर सामूहिक रंग तेरस का आयोजन किया। शाम को नगर में विभिन्न समाजों द्वारा गोट (सहभोज)का आयोजन रखा गया था।



## कलेक्टर ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 27 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश से ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वीवीपीएटी कक्ष, कंट्रोल यूनिट कक्ष, बैलट यूनिट कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने सीसीटीवी कैमरे, लाइट की व्यवस्था एवं ताला लगाने की व्यवस्था देखने वाले कर्मचारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविंद्र परमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूदथे।


**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी स्थित भवन क्रमांक EWS.B-31 संजीत मार्ग मंदसौर जो श्री रमेशचन्द्र गुप्ता पिता श्री किशनलाल गुप्ता को वर्ष 1984 में आवंटित किया गया था। श्री रमेशचन्द्र गुप्ता पिता श्री किशनलाल गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 31.01.2010 एवं इनके पुत्र स्व. श्री सुनील गुप्ता पिता स्व. श्री रमेशचन्द्र गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 18.06.2011 को हो जाने से श्री रमेशचन्द्र गुप्ता पिता श्री किशनलाल गुप्ता पत्नी श्रीमती लीलाबाई गुप्ता पति स्व.श्री रमेशचन्द्र गुप्ता एवं इनके पुत्र श्री सतीश गुप्ता पिता स्व. श्री रमेशचन्द्र गुप्ता अपनी पुत्री श्रीमती मधुबाला सेठिया पति श्री सुनील सेठिया की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामातरण संयुक्त रूप से श्रीमती लीलाबाई गुप्ता पति स्व. श्री रमेशचन्द्र गुप्ता एवं श्री सतीश गुप्ता पिता स्व.श्री रमेशचन्द्र गुप्ता अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्रीमती लीलाबाई गुप्ता पति स्व. श्री रमेशचन्द्र गुप्ता एवं श्री सतीश गुप्ता पिता स्व.श्री रमेशचन्द्र गुप्ता के नाम से संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी स्थित भवन क्रमांक ई-24 गाँधी नगर मंदसौर जो श्रीमती निर्मला गुप्ता पति श्री सुरेशचन्द्र गुप्ता को मण्डल आदेश क्रमांक 380 दिनांक 21.01.2014 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 10.03.2015 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्रीमती निर्मला गुप्ता पति श्री सुरेशचन्द्र गुप्ता द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री भंवरलाल देवड़ा पिता श्री नंदराम देवड़ा को कर विक्रय पत्र दिनांक 03.09.2016 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री भंवरलाल देवड़ा पिता श्री नंदराम देवड़ा अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्री भंवरलाल देवड़ा पिता श्री नंदराम देवड़ा के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)

**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी स्थित भवन क्रमांक EWS.B-194 संजीत मार्ग मंदसौर जो श्री ईश्वर दास पिता श्री नारूमल सिन्धी को मण्डल आदेश क्रमांक 205 दिनांक 20.02.1995 द्वारा नामांतरित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23.10.1999 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्री ईश्वर दास साधवानी पिता श्री नारूमल द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती कमला बाई सेठिया पति श्री रामनिवास को विक्रय पत्र दिनांक 15.12.2015 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती कमला बाई सेठिया पति श्री रामनिवास अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्रीमती कमला बाई सेठिया पति श्री रामनिवास के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)

**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 139/2025 दिनांक 26.03.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा महेश पिता बंसतीलाल विश्वकर्मा, निवासी ग्राम मार्तण्डगंज, तहसील-जावरा, जिला-रतलाम से आवासीय भवन पंजी क्रमांक 233, मकान क्रं. 55, वार्ड नं . 03, पटवारी हल्का नं. 06, पर दर्ज होकर, पता-ग्राम मार्तण्डगंज, तहसील-जावरा, जिला-रतलाम उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP16IGR18232025A100170970, दिनांक 25.03.2025 से मेरे पक्षकार अनीताबाई पति महेश विश्वकर्मा, निवासी ग्राम मार्तण्डगंज, तहसील-जावरा, जिला-रतलाम के पक्ष में उप पंजी कार्यालय जावरा में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-स्वयं की खुली भूमि, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में-राजू का मकान, दक्षिण में-दिनेश का मकान, पैमाईश रकबा-2618 वर्ग फीट या 243.21 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने मियांद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in